●वर्ष : 16 ●अंक : 287 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08 RNI No. DELHI/2008/23928

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED



Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com


# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित रविवार 09 फरवरी 2025


## दिल्ली मे खिला भाजपा का कमल, 27 साल बाद दिल्ली मे भाजपा का परचम

# विकास, विजन और विश्वास की हुई जीतः मोदी

### दिल्ली की जनता से दिल खोलकर प्यार दिया

पीएम मोदी ने कहा कि आज दिल्ली के लोगों में उत्साह और सुकून भी है। मैंने हर दिल्ली से प्रार्थना की थी भाजपा को सेवा का अवसर दीजिए है। दिल्ली के हर परिवारीजन को मोदी को गारंटी पर भरोसा करने के लिए नमन करता हूं। दिल्ली की जनता ने दिल खोलकर प्यार दिया। दिल्ली के लोगों का यह प्यार और विश्वास हम पर कर्ज है। इसे अब दिल्ली की डबल इंजन सरकार तेजी से विकास कर-के चुकाएगी। आज की यह ऐतिहासिक विजय सामान्य विजय नहीं है। दिल्ली के लोगों ने आप-दा को बाहर कर दिया। एक दशक की आप-दा से दिल्ली मुक्त हुई। दिल्ली में विकास, विजन और विश्वास की जीत हुई। आंडबर, अराजकता, अहंकार और आप-दा की हार हुई है।




### शॉर्टकट वाली राजनीति का जनता ने शॉर्ट सर्किट कर दिया

उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने साफ किया कि दिल्ली की असली मालिक जनता है। जिनको दिल्ली का मालिक होने का घमंड था, उनका सच से सामना हुआ है। दिल्ली के जनादेश से ये भी साफ है कि राजनीति में शॉर्टकट, झूठ-फरेब के लिए कोई जगह नहीं है। जनता ने शॉर्टकट वाली राजनीति का शॉर्ट सर्किट कर दिया। लोकसभा चुनाव में भी दिल्ली ने निराश नहीं किया। तीन चुनावों में दिल्ली लोगों ने भाजपा को सात सीटों पर विजयी बनाया। पीएम मोदी ने कहा कि कार्यकताओं के मन में दिल्ली की पूरी तरह से सेवा न कर पाने की टीस थी। आज वह टीस खत्म हुई। अब युवा पहली बार दिल्ली में भाजपा का सुशासन देखेंगे। नतीजों से साफ है कि लोगों में भाजपा की डबल इंजन सरकार के प्रति भरोसा है।

### देश तुष्टिकरण नहीं अब भाजपा के संतुष्टिकरण को चुन रहा है

उन्होंने कहा कि जब हर एक का साथ मिलता तो हर दिल्लीवासी को मेरी गारंटी है कि सबका साथ, सबका विकास, पूरी दिल्ली का विकास होगा। दिल्ली के विजय उत्सव के साथ अयोध्या के मिल्कीपुर में भी भाजपा को शानदार जीत मिली है। हर वर्ग ने भाजपा को अभूतपूर्व मत दिया है। आज देश तुष्टिकरण नहीं संतुष्टिकरण को चुन रहा है। दिल्ली में धरना-प्रदर्शन की राजनीति, टकराव और प्रशासनिक अनिश्चितता ने लोगों का बहुत नुकसान किया। दिल्ली के विकास के सामने से बड़ी रुकावट लोगों ने दूर कर दी है। इन लोगों ने मेट्रो का काम रोका।

### जहां एनडीए, वहां विकास और विश्वास

पीएम ने कहा कि देश जानता है कि जहां एनडीए है वहां विकास और विश्वास है। एनडीए का हर जनप्रतिनिधि लोगों की जीत के लिए काम करता है। जहां एनडीए को जनादेश मिला है, हमने उस राज्य को विकास की ऊंचाई पर पहुंचाया है। लोग हमारी सरकारों को दूसरी-तीसरी बार चुन रहे हैं। हर राज्य में हमें दोबारा सत्ता मिली है। दिल्ली के पास यूपी है। एक जमाने में उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था बड़ी चुनौती थी। यूपी में दिमागी बुखार का कहर बरसता था। हमने इसका अंत करने के लिए संकल्पबद्ध होकर काम किया। महाराष्ट्र में सूखा खत्म करने के लिए काम किया। हरियाणा में बिना खर्ची और बिना पर्ची के सरकारी नौकरी देने का काम किया। पूर्वोत्तर में लोगों को विकास की नई धारा से जोड़ा।

### दिल्ली में रचा नया इतिहास

*उन्होंने कहा कि हमने पहले हरियाणा, फिर महाराष्ट्र और अब दिल्ली में नया इतिहास रचा है। हमारा दिल्ली अब एक शहर नहीं है, ये दिल्ली मिनी हिंदुस्तान है, लघु भारत है। दिल्ली एक भारत-श्रेष्ठ भारत के विचार को जी जान से जीती है। दिल्ली में पूरे देश के लोग हैं। दिल्ली विविधताओं से भरे भारत का लघुरूप है। आज दिल्ली ने भाजपा को प्रचंड जनादेश का आशीर्वाद दिया है। दिल्ली में हर जगह कमल खिला है। हर भाषा और राज्य के लोगों ने कमल पर मुहर लगाई। इस चुनाव में मैं जहां भी गया वहां मैं गर्व से कहता था कि मैं तो पूर्वांचल से सांसद हूं। पूर्वांचल से मेरा अपनेपन का रिश्ता है। पूर्वांचल के लोगों ने रिश्ते को प्यार, विश्वास की नई ऊर्जा दी है।*

### आजादी के बाद पहली बार दिल्ली-एनसीआर में भाजपा का शासन

उन्होंने कहा कि टूटी सड़कें, सीवरेज, प्रदूषित हवा से दिल्ली की जनता परेशान रही है। भाजपा सरकार इसे दूर करेगी। आजादी के बाद पहली बार दिल्ली एनसीआर में भाजपा का शासन आया है। यह सुखद संयोग है। इससे दिल्ली और एनसीआर में तरक्की के अनगिनत रास्ते खुलने जा रहे हैं। आने वाले समय में पूरे क्षेत्र में मोबिलिटी और बुनियादी ढांचे पर काम हो। युवाओं को तरक्की के अवसर मिलें। देश शहरीकरण की ओर बढ़ रहा है। पहले की सरकारों ने इसे चुनौती समझा। मेरा मानना है कि शहरीकरण लोगों को सशक्त करने का माध्यम है। दिल्ली भारत का गेटवे है। इसे देश का सर्वश्रेष्ठ शहरी बुनियादी ढांचा मिलना चाहिए। लोगों ने हमारा काम देखा है। अब हम पूरी शक्ति से काम में जुटेंगे।

### ›› दिल्ली की महिलाओं से किया वादा पूरा करेंगे
### ›› मां यमुना की सेवा के लिए करेंगे काम

नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करके भाजपा ने 27 साल का सूखा खत्म कर दिया है। भारी बहुमत से चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद भाजपा कार्यकताओं में खुशी की लहर है। जीत के जश्न में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए। भाजपा मुख्यालय पर उन्होंने भाजपा कार्यकताओं और दिल्ली की जनता को जीत की बधाई दी।

उन्होंने कहा कि आप-दा वाले यह कहकर राजनीति में आए थे कि राजनीति बदल डालेंगे, लेकिन ये कट्टर बेईमान निकले। मैं आज अन्ना हजारे जी का बयान सुन रहा हूं। वे काफी समय से आप-दा वालों के कुकर्मों की पीड़ा झेल रहे हैं। आज उनको भी पीड़ा से मुक्ति मिली होगी। जिस पार्टी का जन्म ही भ्रष्टाचार के विरुद्ध आंदोलन से हुआ, वो ही भ्रष्टाचार में लिप्त हो गई। उनके मुख्यमंत्री और मंत्री जेल गए। वे खुद को ईमानदार कहते थे और दूसरों को बेईमान कहते थे। शराब घोटाले ने दिल्ली को बदनाम किया। कोरोना काल में आप-दा वाले शीशमहल बना रहे थे। उन्होंने घोटाले छिपाने के लिए साजिश रचीं। हम पहले विधानसभा सत्र में सीएजी की रिपोर्ट सदन में रखेंगे। भ्रष्टाचार की जांच होगी। लूटने वालों को लौटाना होगा। ये मोदी की गारंटी है।

पीएम मोदी ने कहा कि इस बार दिल्ली में झुग्गी में रहने वालों और मध्यम वर्ग ने भाजपा को जबरदस्त समर्थन दिया। हर वर्ग के प्रोफेशनल हमारी पार्टी में काम कर रहे हैं। हमारी पार्टी ने हमेशा मध्यम वर्ग को प्राथमिकता पर रखा। हमने दिल्ली में सबसे पहले मेट्रो का काम शुरू किया। अन्य शहरों में भी काम हुआ। अब लोग अपने सपनों को पूरा कर रहे हैं। अब लोगों को अच्छी स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधा मिल रही है। नारीशक्ति का आशीर्वाद हमारा रक्षा कवच है। नारीशक्ति ने एक बार फिर हमें आशीर्वाद दिया है। हमने हर राज्य में नारी शक्ति से किए हर वादे को पूरा किया है। आज करोड़ों माताओं बहनों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। दिल्ली की महिलाओं से किया वादा भी पूरा किया जाएगा।

## समाचार

### दिल्ली चुनावः मुख्यमंत्री आतिशी ने कालकाजी सीट पर 3521 मतों से जीत दर्ज की

नूना न्यूज एजेंसी।

**दिल्ली।** की मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) की उम्मीदवार आतिशी ने कालकाजी विधानसभा सीट पर भाजपा के रमेश बिधूड़ी को 3,521 मतों के अंतर से हरा दिया। निर्वाचन आयोग के अनुसार, आतिशी को 52,154 मत मिले, जबकि बिधूड़ी को 48,633 मत प्राप्त हुए। कांग्रेस की अलका लांबा 4,392 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। आतिशी ने लगातार दूसरी बार कालकाजी सीट जीती है। मुख्यमंत्री आप के उन कुछ मंत्रियों और वरिष्ठ नेताओं में शामिल हैं, जिन्होंने चुनाव में जीत हासिल की है, जबकि पार्टी के ज्यादातर बड़े नेता चुनाव हार गए हैं जिनमें आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सौरभ भारद्वाज शामिल हैं। शनिवार को आप को राष्ट्रीय राजधानी की सत्ता से बाहर कर 26 साल से अधिक समय बाद धमाकेदार वापसी की।

## दिल्ली में 27 साल बाद भगवा सरकार

**डॉ. समरेन्द्र पाठक/वरिष्ठ पत्रकार।**



**नयी दिल्ली।** 8 फरवरी 2025 (एजेंसी)। दिल्ली में 27 साल के लंबे इन्तजार के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सत्ता में बम्पर वापसी हुयी है।13 साल से दिल्ली की सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी (आप) भाजपा की आँधी में हवा हो गयी।15 वर्षों तक दिल्ली की सत्ता में रही कॉंग्रेस इस बार भी अपने बिखरे जनाधार को समेट नहीं पायी। चुनाव परिणाम के अनुसार 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा में भाजपा के खाते में 48 ,आप 22,एवं कॉंग्रेस को 0 सीटें मिलने जा रही है। कुल 699 प्रत्याशियों ने इस बार चुनाव में अपनी किस्मत आजमाया था। 60.54 प्रतिशत वोट पड़े थे। आप के दिग्गजों अरविंद केजरीवाल एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया चुनाव हार गए हैं। मुख्यमंत्री आतिशि कालका जी से चुनाव जीतने में कामयाब रही हैं। सबसे बुरा हाल बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जदयू का बुराड़ी एवं लोजपा.रा.का देवली में हुआ,जहां वे भाजपा के गठबंधन के बावजूद बुरी तरह हार गए। चुनाव परिणाम आने के साथ ही भाजपा में मुख्यमन्त्री की कुर्सी को लेकर विचार विमर्श शुरू हो गया है, लेकिन अंतिम फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह एवं पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा को लेना है। आपके संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अपनी हार स्वीकार करते हुए भाजपा को जीत की बधाई दी है। भाजपा ने जीत के लिए जनता का आभार प्रकट किया है। वहीं कॉंग्रेस ने जनता का आभार जानते हुए दिल्ली की कुर्सी से केजरीवाल की विदाई का स्वागत किया है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 10 जनवरी को अधिसूचना जारी की गयी थी। 17 जनवरी तक नामांकन दाखिल किए गए थे।18 जनवरी को नामांकन पत्रों की जांच की गई थी एवं 20 जनवरी को नामांकन वापस लेने का अंतिम दिन था। निर्वाचन आयोग के अनुसार दिल्ली में इस बार कुल एक करोड़ 55 लाख 24 हजार 858 मतदाताओं में 83 लाख 49 हजार 645 पुरुष और 71 लाख 73 हजार 952 महिलाएं थीं। थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 1261 थीं। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान के लिए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में कुल 13 हजार 33 पोलिंग बूथ बनाए गए थे, जहां सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। एल.एस.

### दिल्ली चुनाव में भाजपा की जीत प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी के जादू के कारण हुईः एकनाथ शिंदे



नूना न्यूज एजेंसी।

**दिल्ली।** में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सरकार बनाने की संभावना के बीच महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को देते हुए कहा कि झूठ की हार हुई है। सत्तारूढ़ शिवसेना के प्रमुख नेता शिंदे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि महाराष्ट्र के बाद दिल्ली के मतदाताओं ने भी भाजपा के नेतृत्व में अपना विश्वास जताया है। आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधते हुए शिंदे ने कहा कि दिल्ली के विकास में बाधाएं दूर हो गई हैं। उन्होंने कहा कि मतदाताओं ने अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी को सबक सिखाया, जिसने संविधान के खतरे में होने का झूठा दावा किया था। शिंदे ने कहा, यह प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी का जादू है। उन्होंने कहा, झूठ की हार हुई है और मतदाता सत्य के साथ खड़े हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मतदाताओं ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पिछले सप्ताह पेश किए गए केंद्रीय बजट पर भी अपना फैसला दिया है। शिंदे ने पिछले सप्ताह दावा किया था कि दिल्ली चुनाव के लिए आप के निवर्तमान विधायक शिवसेना के संपर्क में थे, लेकिन मतों के विभाजन से बचने के लिए उन्हें मैदान में नहीं उतारा गया क्योंकि उनकी पार्टी ने भाजपा को समर्थन देने की घोषणा की थी।

## ज्वलंत मुद्दा
## सम्पादकीय



### दिल्ली में भाजपा की जीत और आप की हार के सियासी मायने को ऐसे समझिए

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में विगत 12 वर्षों से सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी यानी 'आप' की हार और प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा की अप्रत्याशित जीत के सियासी मायने दिलचस्प हैं। इसके राजनीतिक असर भी दूरगामी होंगे। क्योंकि एक तरफ जहां भाजपा की जीत से केंद्र में सत्तारूढ़ 'एनडीए' की एकजुटता मजबूत होगी, वहीं देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन में बिखराव को बढ़ावा मिलेगा। ऐसा इसलिए कि इंडिया गठबंधन की अगुवा पार्टी कांग्रेस ने दिल्ली में अपने पूर्व गठबंधन सहयोगी 'आप', जो दिल्ली में लंबे समय से सत्तारूढ़ थी, को हराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इससे कांग्रेस ने आप से जहां अपना पुराना सियासी हिसाब-किताब बराबर कर लिया है, वहीं अपनी खोई राजनीतिक जमीन हासिल करने का शिलान्यास भी कर चुकी है। वहीं, अब उसमें इस बात की भी नई उम्मीद जगी है कि 2030 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में जब भाजपा से उसका सीधा मुकाबला होगा तो उसकी स्थिति और मजबूत होगी और उसका खोया जनाधार पुनः वापस लौट जाएगा। बता दें कि 2010 के दशक के शुरूआती सालों में पूर्व नौकरशाह अरविंद केजरीवाल समेत 'आप' के कतिपय प्रमुख नेताओं के द्वारा लोकप्रिय समाजसेवी अन्ना हजारे को आगे करके 'इंडिया अगेंस्ट करप्शन' नामक एनजीओ के तत्वावधान में कांग्रेस की तत्कालीन डबल इंजन सरकार यानी मनमोहन सिंह सरकार और शीला दीक्षित सरकार के खिलाफ जो भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम चलाई गई, उससे 2013 में दिल्ली में 15 वर्षों से सत्तारूढ़ शीला दीक्षित सरकार और 2014 में केंद्र में 10 वर्षों से सत्तारूढ़ मनमोहन सिंह सरकार का सफाया हो गया था। राजनीतिक मामलों के जानकार बताते हैं कि चूंकि इस भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा का भी गुप्त समर्थन हासिल था, इसलिए यह आंदोलन काफी सफल रहा।

**SYED ZAKI HAIDER**
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## नीतीश कुमार ने दिल्ली में बीजेपी की जीत पर पीएम मोदी को दी बधाई

नूना न्यूज एजेंसी।



**दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में सत्ता से बाहर हो गई है। भारतीय जनता पार्टी ने शानदार जीत हासिल किया है। पार्टी ने 70 में से 48 सीटों पर जीत हासिल की है। इस बीच, आप केवल 22 सीटों पर कामयाब रही। भाजपा की जीत को ऐतिहासिक बताते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा को बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की भारी बहुमत से जीत पर बधाई एवं शुभकामनाएं। नीतीश ने आगे लिखा कि दिल्ली की जनता ने आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व पर अपना पूर्ण विश्वास व्यक्त किया है। इस ऐतिहासिक जीत के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को बहुत-बहुत बधाई। इससे पहले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजधानी के लोगों ने उनमें विश्वास जताया है। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने निवर्तमान आम आदमी पार्टी सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि दिल्ली कूड़े का शहर बन गई है और पूरी तरह प्रदूषित हो गई है। नायडू ने कहा कि पीएम मोदी 'पहले लोग' की विचारधारा के साथ काम कर रहे हैं और देश के विकास के लिए एक टिकाऊ मॉडल पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। मैं दिल्ली में जीत के लिए पीएम मोदी की सराहना और धन्यवाद करता हूं, जहां निवासियों ने भाजपा को जबरदस्त बहुमत दिया है। उन्होंने कहा कि 27 साल बाद जनता ने दिल्ली में बीजेपी की सरकार चुनी। ये एक ऐतिहासिक जीत है क्योंकि आज ये जीत सिर्फ बीजेपी या दिल्लीवासियों की नहीं बल्कि पूरे देश के स्वाभिमान की है। उन्होंने कहा, "नरेंद्र मोदी देश के लिए एक टिकाऊ मॉडल तैयार कर रहे हैं। मैं ईमानदारी से उनकी सराहना करता हूं। दिल्ली में आज की जीत लोगों का मोदी में विश्वास दशार्ती है।" सीएम ने कहा कि दिल्ली में शासन एक असफल मॉडल है और इसे आगे भी जारी नहीं रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि मैं व्यक्तियों की आलोचना नहीं कर रहा हूं... (दिल्ली की) मुख्य सड़कों पर कूड़े के ढेर हैं और शहर पूरी तरह प्रदूषित हो गया है। दिल्ली सबसे प्रदूषित जगहों का पता बन गई है।

### जितने वोटों से हारे केजरीवाल उतने ही संदीप को मिले

**दिल्ली।** परिणाम में कांग्रेस उम्मीदवार संदीप दीक्षित की भूमिका पर सवाल उठाते हैं। इस सीट का जो मजेदार फैक्ट है वो यह है कि इस सीट पर अरविंद केजरीवाल जितने वाटों से हारे हैं लगभग उतना ही वोट संदीप दीक्षित को मिला है। संदीप दीक्षित को 4,568 वोट मिले, जिससे अटकलें लगाई गईं कि उन्होंने भाजपा विरोधी वोटों को विभाजित हो गया और जिससे केजरीवाल की हार हुई। आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन न होना नुकसानदेह साबित हुआ। अगर आप और कांग्रेस साथ आ जाते तो दीक्षित के वोट अरविंद केजरीवाल को ट्रांसफर हो सकते थे।

### लोकसभा चुनाव के वक्त भी बीजेपी को हरा लिया था बदला

साल 1998 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने शीला दीक्षित को पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा था। लेकिन बीजेपी के लाल बिहारी तिवारी से उन्हें 45 हजार से अधिक मतों से हार का सामना करना पड़ा था। साल 2004 के लोकसभा चुनाव में 1998 में अपनी मां को मिली हार का बदला लेने के लिए इस सीट पर शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित ने चुनाव लड़ा। इस चुनाव में उन्होंने इस बार बिहारी लाल तिवारी को 229,779 के भारी वोटों के अंतर से हराया।

CMYK

## सार संक्षेप

### मानवता और वैश्विक शांति का संदेश लेकर महाकुंभ पहुंचे डॉ. राजऋषि मोदी

**नई दिल्ली :** महाकुंभ के दौरान विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक लीडर, मानवतावादी डॉ. राजऋषि मोदी को सभी चारों शंकराचार्यों शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती, शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद, शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती और शंकराचार्य भारती तीर्थ का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। शंकराचार्यों ने उनके आध्यात्मिक और मानवता के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें राजऋषि की उपाधि से सम्मानित किया। डॉ. मोदी को अद्वैत वेदांत और आदिशंकराचार्य की शिक्षाओं के प्रचार-प्रसार में उनके योगदान के लिए सम्मान दिया गया। इस पावन अवसर पर उन्होंने शंकराचार्यों के साथ गहन चर्चा की और सभी प्राणियों के परस्पर संबंधों और वैश्विक शांति पर अपने विचार रखे। उन्होंने मानवता और सद्भाव को बढ़ावा देने पर जोर दिया। महाकुंभ में उनकी उपस्थिति न केवल आध्यात्मिक सिद्धांतों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है, बल्कि विभिन्न समुदायों के बीच एकता और शांति को मजबूत करने का भी संदेश देती है।

### रक्षा उत्पादन में मानकीकृत और जोखिम-प्रबंधित प्रक्रियाओं की आवश्यकता

**नई दिल्ली :** सहयोगात्मक गुणवत्ता आश्वासनः उद्योग और रक्षा के बीच की दूरी कम करनाङ्क थीम पर उद्योग गुणवत्ता आश्वासन सम्मेलन आयोजित किया गया। रक्षा उत्पादन सचिव संजीव कुमार ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत रक्षा निर्माण में भारत की प्रगति को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि नवाचार, सहयोग, गुणवत्ता आश्वासन और सही मानसिकता रक्षा निर्यात में भारत को वैश्विक नेतृत्व दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। भारतीय नौसेना के मटेरियल प्रमुख वाइस एडमिरल किरण देशमुख ने कहा कि तकनीकी नवाचार, सहयोग और कठोर परीक्षण एक मजबूत और गुणवत्ता-आधारित रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र के आवश्यक स्तंभ हैं। गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशक श्री एन मनोहरन ने रक्षा निर्माण की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए मानकीकृत, नवाचार-आधारित और जोखिम-प्रबंधित प्रक्रियाओं की आवश्यकता पर जोर दिया। युद्धपोत निर्माण गुणवत्ता आश्वासन के अतिरिक्त महानिदेशक रियर एडमिरल इकबाल सिंह ग्रेवाल ने उभरती तकनीकों और सुव्यवस्थित प्रक्रियाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। सम्मेलन में गुणवत्ता नियंत्रण रणनीतियों, रक्षा संगठनों और शिपबिल्डिंग उद्योग के बीच सहयोग बढ़ाने, कुशल परीक्षण और प्रमाणन पद्धतियों पर चर्चा की गई।

### ट्रॉपक्स-25 : तीन महीने तक चलने वाला नौसैनिक ऑप्रेशनल अभ्यास

**नई दिल्ली :** भारतीय नौसेना का प्रमुख थिएटर लेवल ऑप्रेशनल एक्सरसाइज (ट्रॉपक्स-25) भारतीय महासागर क्षेत्र में जारी है। यह द्विवार्षिक अभ्यास भारतीय नौसेना के सभी परिचालनात्मक यूनिट्स के साथ भारतीय सेना, वायु सेना और तटरक्षक बल की महत्वपूर्ण भागीदारी के साथ आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य युद्ध कौशल को परखना और पारंपरिक, असममित और हाइब्रिड खतरों के बीच राष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा हितों की रक्षा करना है। ट्रॉपक्स-25 को जनवरी से मार्च 2025 तक तीन महीने की अवधि में विभिन्न चरणों में आयोजित किया जा रहा है। इसमें हार्बर और समुद्री दोनों चरणों में युद्ध, साइबर और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध संचालन, लाइव वेपन फायरिंग और एम्फीबियस एक्सरसाइज (अमफेक्स) शामिल हैं। इस अभ्यास में भारतीय नौसेना के 65 युद्धपोत, 9 पनडुब्बियां और 80 से अधिक प्रकार के विमान शामिल हैं। ट्रॉपक्स-25 में स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत, विशाखापट्टनम और कोलकाता श्रेणी के विध्वंसक, कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियां और मिग-29ङ, सी गार्डियन और एमएच-60 फ हेलिकॉप्टर शामिल हैं। इसके अलावा, भारतीय सेना, वायु सेना और तटरक्षक बल के सहयोग से सुखोई-30, जगुआर, सी-130, अवक्स , 600 सैनिकों की इंफैंट्री ब्रिगेड और 10 से अधिक तटरक्षक जहाज और विमान भी भाग ले रहे हैं। ट्रॉपक्स-25 का लगातार विस्तार इसकी योजनाबद्ध युद्धक रणनीति, लक्ष्य भेदन क्षमता और प्रभावी संयुक्त अभियान संचालन को प्रदर्शित करता है। यह अभ्यास किसी भी परिस्थिति में भारत की समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।


# दिल्ली चुनाव परिणाम के बीच सीएम ऑफिस को किया गया सील

**तगड़ा एक्शन शुरू! केजरीवाल के उड़े होश**



**दिल्ली।** के विधानसभा चुनाव में कमल का कमाल दिख रहा है और आप का बुरा हाल हुआ है। वहीं कांग्रेस तो लगातार तीसरी बार शून्य पर आउट हो गई है। दिल्ली में बीजेपी की बंपर जीत और आप की हार के साथ ही अरविंद केजरीवाल खुद तक अपनी सीट गंवा चुके हैं। लेकिन इन सब के बीच प्रशासन ने एक बड़ा फैसला लिया है। सुरक्षा स्थिति और सरकारी रिकॉर्ड के मद्देनजर दिल्ली सचिवालय को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। दिल्ली सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने एक नोटिस जारी कर कहा कि सुरक्षा चिंताओं और रिकॉर्ड की सुरक्षा को संबोधित करने के लिए, यह अनुरोध किया जाता है कि जीएडी की अनुमति के बिना कोई भी फाइल/दस्तावेज, कंप्यूटर हार्डवेयर आदि दिल्ली सचिवालय परिसर के बाहर नहीं ले जाया जा सकता है। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के भारत चुनाव आयोग के रुझानों से राजधानी में भाजपा की वापसी का संकेत मिल रहा है। नोटिस में कहा गया है कि यह आदेश सचिवालय कार्यालयों और मंत्रिपरिषद के कैंप कार्यालयों पर लागू है और दोनों कार्यालयों के प्रभारियों को भी इस आदेश के अनुपालन के लिए निर्देशित किया जाता है। आदेश पर संयुक्त सचिव (जीएडी) प्रदीप तायल के हस्ताक्षर हैं। चुनाव आयोग के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2025 के विधानसभा चुनावों में अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया जैसे आप दिग्गज अपनी-अपनी सीटों से हार गए हैं, सीएम आतिशी कालकाजी निर्वाचन क्षेत्र से जीत गई हैं। भारत के चुनाव आयोग के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी की 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान बुधवार, 5 फरवरी को हुआ, जिसमें लगभग 60.54 प्रतिशत मतदान हुआ। दिल्ली की मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने विधानसभा चुनाव के जनादेश को स्वीकार करते हुए चुनाव परिणामों को एक झटके की तरह बताया, लेकिन भाजपा के खिलाफ पार्टी का संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। भाजपा ने राष्ट्रीय राजधानी में आप को हराकर एक बड़ी जीत हासिल की है और वह 26 वर्षों से अधिक समय के बाद दिल्ली में सरकार बनाने के लिए तैयार है। आतिशी ने पत्रकारों से कहा कि सबसे पहले मैं दिल्ली की जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करती हूं, जो मजबूती से डटे रहे। हम जनादेश को स्वीकार करते हैं।

## जॉ. शुक्ला ने कहा कि निहित स्वार्थ के लिए अस्तित्वमें आए कुछ दल, और कांग्रेसके विरोध के लिये खड़े किये गये



**दिल्ली।** दि. 8 फरवरी, 2025: आज भारतीय कॉँग्रेस कमिटी के विचार विभाग की राष्ट्रीय उपाध्यक्षा डॉ.जया शुक्ला ने कहा कि यद्यपि यह लग रहा है कि भाजपा आरही है, किन्तु वास्तव में घटनाक्रम कुछ और मोड़ ले रहा है। जॉ. शुक्ला ने कहा कि निहित स्वार्थ के लिए अस्तित्वमें आए कुछ दल, और कांग्रेस के विरोध के लिये खड़े किये गये कुछ दल क्षेत्रीय दलों का अस्तित्व खत्म होरहा है। जॉ. शुक्ला ने आगे कहा कि पिछले कुछ वक़्त से चुनावोंमें जो हर स्थान पर आठ-दस प्रत्याशी खड़े नजर आ जाते थे, वह विरोधी की रंणनीति है, जो देश या लोकतंत्र के लिये अच्छी नहीं है। परन्तु रालोद, के बाद अब आप भी खत्म हो रही है। एनसीपी भी डूबतीसी नजर आ रही है। अगली बारी जेडीयूऔर टीएमसी की लगती है। आनेवाले वर्षोंमें चुनाव बाइपोलर होंगे। यह कटु सत्य है। डॉ. शुक्ला ने याद दिलाया कि भाजपा और संघ सीधे तौरपर मनमोहन सिंह सरकारसे लड़ नही पा रहे थे, तो UPA-2 को बदनाम करनेके लिए संघ ने अन्नाहजारे आंदोलन चलाया! अरविंद केजरीवाल उसी आंदोलन के उत्पाद हैं। अजीतडोभाल के विवेकानंद फाउंडेशन में, जो मूलतः संघ विचारवाले कअर का समूह था, सघन विचार मंथन के बाद रणनीति बनी। तत्संबंधित तस्वीरें पहले काफी वाइरल हो चुकी हैं। कॉग्रेससे लड़नेको नकली कॉँग्रेस आप पार्टी, नकली जयप्रकाश अन्ना, नकली मेधा पाटेकर किरण बेदी, हर मसालाथा। साथ था संघ का समर्थन, अरुणजेटली, गोविंदाचार्यका मार्गदर्शन, रामदेवकी कालेधन पर तुकबंदी, बाबाओंके अरबपति बननेकी लालसा, मीडियाकम्पनियों का अपारसमर्थन। इंडिया अगेंस्ट करप्शन वाले करप्शन के गढ़में अन्नाहजारे सांप्रदायिकताके चक्रव्यूहथे। संघ और बीजेपी ने केजरीवाल को दिल्ली की सत्ता हासिल करने के लिए तैयार किया था। केजरीवालने सफलतापूर्वक बीजेपी का लक्ष्य पूरा करदिया। पर जब स्वयं अ-टीम पर हावी होनेलगे तो अ-टीमने इ-टीम को काटदिया। वैसे जो जनसंख्या से भी बड़ी लाखोंकी वोटर संख्या महाराष्ट्र में निकली, वह हरियाणा भी गई और दिल्ली भी। डॉ.शुक्ला ने लांछन लगाया कि संभवतः इसी कारण निर्वाचन आयोगने दिल्ली विधानसभा चुनाव में कुल कितने वोट डाले गये, उनकी संख्या सात तारीख के 2 बदे दोपहर तक नहीं बताई, यद्यपि पूरी दिल्लीके हरेक क्षेत्रके फार्म 17 सी आयोगके पास उसी दिन रात 11 बजे तक पहुँच गये (निर्वाचनआयोग ने फार्म 17 सी के आँकड़ोंकी जानकारी कुल डालेगए मतोंकी संख्याका प्रतिशत निकालकर दी है)। इसका मतलब साफ था कि चुनावआयोग व राजीवकुमार की नीयतमें खोट था।

– जया शुक्ला

## दीर्घकालिक और सुदृढ़ बुनियादी ढांचे के लिए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

### स्थायी विकास और संरचनात्मक मजबूती पर विशेषज्ञों का मंथन

नई दिल्ली, फरवरी : दीर्घकालिक और सुदृढ़ बुनियादी ढांचे के लिए सामग्रियों, मॉडलिंग और विश्लेषण में प्रगति पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन अमृता स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, कोयंबटूर के सिविल इंजीनियरिंग विभाग और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (नीट ) तिरुचिरापल्ली द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस सम्मेलन ने शैक्षणिक और औद्योगिक क्षेत्र के विशेषज्ञों को नवीनतम प्रौद्योगिकी और स्थायी विकास पर विचार-विमर्श के लिए एक मंच प्रदान किया। मुख्यातिथि प्रोफैसर गणेशन एन, पूर्व प्रोफैसर और डीन, नीट कालीकट ने उद्घाटन भाषण में शहरीकरण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों की कमी जैसी चुनौतियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि संरचनात्मक स्थिरता केवल तकनीकी समाधान नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा होनी चाहिए। सम्मेलन में उन्नत निर्माण सामग्रियों, मॉडलिंग तकनीकों और विश्लेषणात्मक विधियों पर चर्चा की गई। इस आयोजन ने शोधकर्त्ताओं और नवाचारकों को एक साथ लाकर विचारों के आदान-प्रदान, सहयोग और नवाचार को बढ़ावा दिया। अमृता स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग और नीट तिरुचिरापल्ली द्वारा आयोजित यह सम्मेलन विकासशील समाज के लिए स्थिर और संरचनात्मक दृष्टिकोण प्रस्तुत करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

## भारतीय कला इतिहास कांग्रेस का 32वां सत्र 8 से 10 फरवरी तक नोएडा में आयोजित होगा

नई दिल्ली, फरवरी : भारतीय कला इतिहास कांग्रेस, जो भारतीय कला धरोहर के अध्ययन के लिए एक अखिल भारतीय संस्था है, इस वर्ष अपना 32वां सत्र भारतीय धरोहर संस्थान, नोएडा में आयोजित कर रही है। संस्कृति मंत्रालय के तहत कार्यरत यह विश्वविद्यालय 8 से 10 फरवरी 2025 तक इस सम्मेलन की मेजबानी करेगा। इस वर्ष सम्मेलन का विषय ङ्कभारतीय महाकाव्यों का कला और संस्कृति में चित्रणङ्क रखा गया है, जिसका उद्देश्य महाकाव्यों पर आधारित विविध कलात्मक अभिव्यक्तियों को उजागर करना है।इस सम्मेलन का उद्‌घाटन मुख्यातिथि केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत द्वारा किया जाएगा, जो भारतीय धरोहर संस्थान के कुलाधिपति भी हैं। सांसद और पूर्व संस्कृति मंत्री डॉ. महेश शर्मा उद्घाटन समारोह में अतिथि सम्मान के रूप में उपस्थित रहेंगे। रामायण और महाभारत जैसे प्राचीन महाकाव्य भारत की सांस्कृतिक पहचान का अभिन्न अंग हैं। समय के साथ, विभिन्न भाषाओं और क्षेत्रों में इनकी भिन्न-भिन्न व्याख्याएं हुई, जिससे स्थानीय परंपराओं और सांस्कृतिक विविधताओं का समावेश हुआ। भारतीय धरोहर संस्थान के कुलपति प्रो. (डॉ.) बी.आर. मणि ने कहा कि इन महाकाव्यों के आदर्श और धर्म के सिद्धांत न केवल भारत में, बल्कि विश्वभर की संस्कृतियों में भी प्रासंगिक बने हुए हैं।

## शिया एकता मंच बिहार की ओर से दिल्ली विधानस चुनाव में बीजेपी की जीत पर बधाई दिया ।



**दिल्ली।** आज शिया एकता मंच के अध्यक्ष सुल्तान अली ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणाम में भारतीय जनता पार्टी की प्रचण्ड विजय आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, अंत्योदय व विकासपरक नीतियों पर जनता - जनार्दन के अटूट समर्थन की जीत है। प्रत्येक बूथ पर अथक परिश्रम करने वाले भाजपा के हमारे कार्यकर्ताओं और प्रदेश नेतृत्व को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूँ। 'आप-दा' सरकार ने दिल्ली में भ्रष्टाचार, कुशासन, और तुष्टिकरण की सारी सीमाएं लांघ दी थी। आज दिल्ली उनके झूठ, छल और प्रपंच से मुक्त होकर प्रगति और प्रतिष्ठा के नए युग में अपनी यात्रा आरंभ कर रही है। यह जनादेश 'विकसित दिल्ली-विकसित भारत' के हमारे संकल्प को साकार स्वरूप प्रदान करेगा। इस प्रचण्ड विजय के लिए मैं प्रधानमंत्री जी के प्रति आभार प्रकट करता हूँ और समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं और दिल्लीवासियों का अभिनंदन करता हूँ।

## एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने महिला को नशीले पदार्थ के साथ काबू किया

रोहतक, फरवरी : एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने एक महिला को नशीले पदार्थ के साथ काबू किया है। टीम को उसके पास से 50 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। इस आरोपी महिला को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। एंटी नारकोटिक्स सेल के प्रभारी मनोज ने बताया कि टीम गश्त पर थी। इसी दौरान रैनकपुरा में शिव मंदिर के नजदीक एक महिला को शक के आधार पर काबू किया गया। महिला की पहचान रैनकपुरा निवासी कमलेश के रूप में हुई। नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके पास से 50 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

## 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी पर जनमत संग्रह से ज्यादा कुछ नहीं है।



**दिल्ली।** जब 2015 और 2020 में प्रधानमंत्री की लोकप्रियता के चरम पर थी , तब भी आप ने दिल्ली में निर्णायक जीत हासिल की थी। दिल्ली के चुनाव नतीजे प्रधानमंत्री की नीतियों पर मुहर नहीं है बल्कि , यह जनादेश अरविंद केजरीवाल की छल, कपट और उपलब्धियों के अतिशयोक्तिपूर्ण दावों की राजनीति को खारिज करता है। कांग्रेस पार्टी ने अरविंद केजरीवाल के शासन में हुए विभिन्न घोटालों को उजागर करने में बड़ी भूमिका निभाई। दिल्ली के मतदाताओं ने आम आदमी पार्टी के बारह वर्षों के कुशासन पर अपना फैसला सुनाया। कांग्रेस को इस चुनाव में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी। हालाँकि, पार्टी ने अपने वोट शेयर में वृद्धि की है। कांग्रेस का चुनाव अभियान शानदार था। पार्टी विधानसभा में भले ही जीत नहीं दर्ज कर पायी हो , लेकिन दिल्ली में उसकी मजबूत उपस्थिति बनी हुई है, जिसे लाखों कांग्रेस कार्यकताओं के निरंतर प्रयासों से और मजबूत किया जाएगा। 2030 में दिल्ली में फिर से कांग्रेस सरकार बनेगी।

## जनता ने हमें उम्मीद के अनुरूप जनादेश नहीं दिया



**दिल्ली।** विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने जनहित में सत्ता के खिलाफ माहौल बनाया पर जनता ने हमें उम्मीद के अनुरूप जनादेश नहीं दिया। हम जनमत को स्वीकारते हैं। कांग्रेस के हर एक नेता और कार्यकर्ता ने एकजुट होकर, विपरीत परिस्थितियों में मेहनत की, पर अभी और कड़ी मेहनत और संघर्ष की आवश्यकता है। आने वाले दिनों में हम दिल्ली में प्रदूषण, यमुना सफाई, बिजली, सड़क, पानी और विकास के मुद्दों को उठाते रहेंगे और जनता से जुड़े रहेंगे।

## दिल्ली में कांग्रेस कितनी सीटें जीत रही है? एक दशक से नहीं खुल पाया है खाता

**दिल्ली।** विधानसभा चुनाव के लिए वोटों की गिनती जारी है और शुरूआती रुझानों में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) रूझानों में अब तक बहुमत का आंकड़ा पार करती नजर आ रही है। सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) जहां 21 सीटों पर आगे चल रही है, वहीं कांग्रेस राष्ट्रीय राजधानी में लगातार तीसरी बार शून्य से आगे नहीं बढ़ती नजर आ रही है। हालांकि शुरूआती रुझानों में पार्टी बादली सीट से आगे चल रही थी, जो पहले सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार अजेश यादव के पास थी। हालाँकि, खबर लिखे जाने तक भाजपा उम्मीदवार अहीर दीपक चौधरी आगे चल रहे थे। इस विधानसभा सीट से कांग्रेस की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव चुनाव लड़ रहे हैं। एक दशक से भी अधिक समय पहले की बात है जब कांग्रेस दिल्ली में अपना खाता खोलने में कामयाब रही थी।

**केजरीवाल ने स्वीकार की आप की हार**

## बोले- जनता के बीच रहकर उनकी सेवा भी करते रहेंगे

**दिल्ली।** विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने भाजपा को बधाई देते हुए कहा कि जनता का फैसला हमें मंजूर है। उन्होंने कहा कि हमें जनता ने पिछले 10 सालों में मौका दिया। हमने कई बड़े काम किया। हमने शिक्षी स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई काम किया। उन्होंने कहा कि हम एक जिम्मेदार विपक्ष के नाते काम करते रहेंगे। हम समाज सेवा करते रहेंगे। लोगों के सुख-दुख में शामिल होंगे। केजरीवाल ने कहा कि हम न केवल रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएंगे बल्कि जनता के बीच रहकर उनकी सेवा भी करते रहेंगे। दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी दिल्ली में विधानसभा चुनाव में एकतरफा जीत हासिल करती हुई दिखाई दे रही है। भाजपा में इसको लेकर जमकर उत्साह है। आतिशी ने कहा कि मुझ पर भरोसा दिखाने के लिए मैं कालकाजी के लोगों को धन्यवाद देता हूं। मैं अपनी टीम को बधाई देता हूं जिन्होंने 'बाहुबल' के खिलाफ काम किया। हम जनता का जनादेश स्वीकार करते हैं. मैं जीत गया हूं लेकिन यह जश्न मनाने का नहीं बल्कि भाजपा के खिलाफ 'युद्ध' जारी रखने का समय है। निर्वाचन आयोग की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने पांच और आप ने छह सीट पर जीत हासिल कर ली है।

## हम खेल भावना, मनोरंजन और जोश के साथ प्रदर्शन के लिए पूरी तरह तैयार : मनोज तिवारी

### 8 फरवरी से शुरू होगी सेलेब्रिटी क्रिकेट लीग

नई दिल्ली, फरवरी : स्पोर्ट्स और एंटरटेनमैंट के संगम से भरपूर सेलेब्रिटी क्रिकेट लीग (सीसीएल) 2025 की शुरुआत के लिए भारतराइजिन पूरी तरह तैयार है। इस लीग के दौरान भोजपुरी दबंग्स समेत अन्य टीमें 8 फरवरी से 2 मार्च तक दिल्ली, हैदराबाद, कटक और सूरत में रोमांचक मुकाबले खेलेंगी। नई दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में लीग के प्रमोटर्स सुशील शर्मा, कनिष्क शील, सुशील मलिक और राहुल मिश्रा ने भोजपुरी दबंग्स की आधिकारिक जर्सी का अनावरण किया। इस कार्यक्रम में भोजपुरी दबंग्स के कप्तान और सांसद मनोज तिवारी, अभिनेता रवि किशन, अभिनेत्री पक्खी हेगड़े और अक्षरा सिंह (ब्रांड एंबेसडर) और असिस्टेंट कोच विनय यादव मौजूद रहे। भारत राइजिन के डायरैक्टर सुशील शर्मा ने कहा कि खेल और मनोरंजन उद्योग तेजी से बदल रहा है और भोजपुरी दबंग्स इसमें एक अहम भूमिका निभाएगी। डायरेक्टर कनिष्क शील ने कहा कि स्पोर्टसटेनमेंट की बढ़ती लोकप्रियता के चलते दर्शकों को बेहतरीन अनुभव देने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। टीम कप्तान मनोज तिवारी ने कहा कि हम खेल भावना, मनोरंजन और जोश के साथ शानदार प्रदर्शन के लिए पूरी तरह तैयार हैं।




सेलेब्रिटी क्रिकेट लीग की जर्सी का अनावरण करते मनोज तिवारी व अन्य।

## बीजेपी की जीत पर पीएम मोदी ने दिल्लीवासियों को दी बधाई



**दिल्ली।** में भाजपा के जबरदस्त जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली प्रतिक्रिया आई है। प्रधानमंत्री ने साफ तौर पर कहा कि यह जीत विकास की है, सुशासन की है। उन्होंने इसको लेकर एक्स पोस्ट किया है। आपने एक्स पोस्ट में उन्होंने लिखा कि जनशक्ति सर्वोपरि! विकास जीता, सुशासन जीता। उन्होंने लिखा कि दिल्ली के अपने सभी भाई-बहनों को भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए मेरा वंदन और अभिनंदन! आपने जो भरपूर आशीर्वाद और स्नेह दिया है, उसके लिए आप सभी का हृदय से बहुत-बहुत आभार।

मोदी ने कहा कि दिल्ली के चौतरफा विकास और यहां के लोगों का जीवन उत्तम बनाने के लिए हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे, यह हमारी गारंटी है। इसके साथ ही हम यह भी सुनिश्चित करेंगे कि विकसित भारत के निर्माण में दिल्ली की अहम भूमिका हो। उन्होंने कहा कि मुझे भाजपा के अपने सभी कार्यकताओं पर बहुत गर्व है, जिन्होंने इस प्रचंड जनादेश के लिए दिन-रात एक कर दिया। अब हम और भी अधिक मजबूती से अपने दिल्लीवासियों की सेवा में समर्पित रहेंगे।

## समाचार

### राजस्व एवं पुलिस विभाग की टीम ने चकमार्ग को अवैध कब्जे से मुक्त कराया




**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** शनिवार को थाना समाधान दिवस में चकमार्ग पर अवैध कब्जे की शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारियों के आदेश पर राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर चकमार्ग को अवैध कब्जे से मुक्त करा दिया, बताते चले की शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन कोतवाली परिसर में किया गया था जिसमें एक शिकायती पत्र क्षेत्र के ग्राम ढक्का स्थित गाटा संख्या 2460/0.101 पर कुछ लोगों द्वारा चकमार्ग को जोत कर अपने खेतों में मिलाकर अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसका संज्ञान लेते हुए एसडीएम के आदेश पर मौके पर पहुंची राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग की टीम ने अन्य लोगों की उपस्थिति में जांच पड़ताल की तथा खेत व चकमार्ग की नपाई आदि की जिसमें चक मार्ग पर अवैध कब्जा पाया गया, जिसको राजस्व विभाग की टीम ने ट्रैक्टर से जुतबाकर अवैध कब्जे से मुक्त करा दिया तथा कब्जे धारकों को फिर से कब्जा न करने की हिदायत भी दी गई है।

### थाना समाधान दिवस में अपर पुलिस अधीक्षक ने सुनी शिकायतें



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** शनिवार को हसनपुर कोतवाली प्रांगण में शासन की मनसा अनुसार लगाए गए थाना समाधान दिवस में अमरोहा जिले के अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार ने फरियादियों की फरियाद सुनी, वहीं मौके पर पांच शिकायत दर्ज की गई जिसमें से अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तीन शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया, वहीं अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित हल्का इंचार्ज वह लेखपाल को जिम्मेदारी दे दी गई है, बताते चलें कि शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन कोतवाली प्रांगण में किया गया था जिसमें जमीनी झगड़े तथा आपसी विवाद को लेकर मात्र पांच शिकायते दर्ज की गई थी उधर अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार अचानक समाधान दिवस में पहुंच गए और उन्होंने अपने निर्देशन में पांच शिकायतों में से तीन का निस्तारण करवा दिया, इस मौके पर तहसीलदार हसनपुर परमानंद श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह, कानून गो नन्हे सिंह आर्य, सब इंस्पेक्टर मीनाक्षी गुप्ता तथा समस्त हल्का लेखपाल एवं हलका इंचार्ज मौजूद रहे।

### भाजपा की दिल्ली में हुई प्रचंड जीत पर विधायक आवास पर बांटी गई मिठाई



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** शनिवार को विधायक महेंद्र सिंह खड्गवंशी ने अपने आवास व कैंप कार्यालय पर भाजपा कार्यकताओं के साथ दिल्ली में भाजपा को मिली प्रचंड जीत पर जश्न मनाते हुए कार्यकताओं को मिठाई खिलाई, इस मौके पर कार्यकताओं ने विधायक को फूल माला पहनकर शुभकामनाएं दी, वही विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की राजधानी दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी को मिली प्रचंड जीत व पूर्ण बहुमत की सरकार बनने पर दिल्ली राजधानी के लोगों ने यह सिद्ध कर दिया है कि वह फ्री की रेवड़ी के चक्कर में अपने देश, राजधानी, प्रदेश दिल्ली को बर्बाद नहीं करना चाहते अतः भाजपा के हाथों में दिल्ली प्रदेश की बागडोर सौंप कर मोदी जी के हाथों को मजबूत किया है, इस मौके पर मुख्य रूप से हसनपुर मंडल अध्यक्ष राजू राणा, देवेंद्र खड़कवंशी, शिखर अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, संदीप गुप्ता, अंकुर अग्रवाल, संजय शर्मा, मोहित अग्रवाल, पोरुष अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, विक्रम महंत, अजय पाल, विशाल त्यागी, संदीप गुप्ता, कामिल सैफी, आदि सहित भाजपा के सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने परिवार संग संगम में लगाई आस्था की डुबकी

**महाकुम्भ नगर, 08 फरवरी।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को महाकुम्भ 2025 में अपने परिवार के साथ त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया। इस अवसर पर उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस भव्य आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

**तीर्थराज प्रयाग की पावन भूमि पर आस्था का संगम**

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा, "आज मैं तीर्थराज प्रयाग की पावन भूमि पर आया हूं और यहां सभी प्रदेशवासियों की ओर से आस्था की डुबकी लगाई। यह अनुभव अविस्मरणीय है।

**योगी सरकार को शुभकामनाएं**

उन्होंने कहा, "मैं उत्तर प्रदेश सरकार एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को शुभकामनाएं देता हूं, जिन्होंने इस भव्य महाकुंभ का कुशलता से आयोजन किया। संगम स्नान पर मुख्यमंत्री के साथ उनके परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे। उन्होंने महाकुम्भ की भव्यता, दिव्यता और व्यवस्थाओं की सराहना की और इसे भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर का अद्भुत संगम बताया।

## राजस्थान के सीएम ने कैबिनेट संग संगम में लगाई पावन डुबकी, त्रिवेणी तट पर हुई कैबिनेट बैठक



**महाकुम्भ नगर।** 08 फरवरी राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव ने महाकुम्भ 2025 के दौरान गंगा, यमुना और सरस्वती के पावन संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान राजस्थान सरकार के मंत्रिगण भी महाकुम्भ में स्नान किया। भजनलाल शर्मा ने इसे भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर का प्रतीक बताया। वहीं इसके उपरांत राजस्थान भवन में सीएम भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें राजस्थान की जनता के हित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। यह महाकुम्भ में योगी कैबिनेट के बाद किसी राज्य सरकार की दूसरी कैबिनेट बैठक है। सीएम भजनलाल शर्मा पहले भी महाकुम्भ में डुबकी लगा चुके हैं।

**पूर्वजों और संतों की विरासत**

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा, "महाकुम्भ हमारी विरासत और संस्कृति का प्रतीक है। यह हमारे पूर्वजों और संतों की धरोहर है, जो खगोलीय गणनाओं के आधार पर आता है। हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बन रहे हैं। इतनी बड़ी संख्या में लोगों का यहां आना, यह केवल भारत में ही संभव है।

**योगी सरकार को दी बधाई**

उन्होंने कहा, "मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस भव्य आयोजन की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं के लिए धन्यवाद देता हूं। देश और विदेश से लाखों श्रद्धालु यहां आ रहे हैं, यह भारत की आस्था और आध्यात्मिक शक्ति को दशार्ता है।


## दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत पर चेयरमैन आवास पर मनाया गया जश्न



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** शनिवार को दिल्ली में भाजपा को विधानसभा चुनाव में मिली प्रचंड जीत की खुशी में हसनपुर नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने अपने आवास पर भाजपा कार्यकताओं के साथ जश्न मनाया और मिठाई का वितरण किया, बताते चलें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे शनिवार को घोषित किए गए जिसमें भाजपा को पूर्ण बहुमत के साथ प्रचंड जीत मिली इसी खुशी में पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने अपने आवास पर भाजपा कार्यकताओं के साथ मिलकर एक दूसरे को मिठाई खिलाई, इस बीच भाजपा कार्यकताओं ने पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी को फूल मालाओं से लाद दिया, इस मौके पर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है दिल्ली की जनता ने केजरीवाल सरकार को नकार दिया और भाजपा को जनादेश दिया है तथा आगामी चुनाव में भी भाजपा को प्रचंड जीत ही मिलेगी ' इस मौके पर मुख्य रूप से व्यापारी नेता एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता मुकेश गुप्ता, संजय टाटा, सचिन गुप्ता, पंकज भटनागर, विजय पारछा, मुकुल अग्रवाल, संजय सहदेव, विक्रांत शर्मा, रानू रस्तोगी, राजपाल सैनी, अजय पाल, विक्रम महंत, विशाल वर्मा, नगर स्वच्छता प्रेरक प्रशांत सैनी, इशांत सैनी, सौरभ सैनी आदि सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अपने बचपन के स्कूल पहुंचे सीएम योगी, पुरानी यादों को किया ताजा





**पौड़ी गढ़वाल, 8 फरवरी:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को यमकेश्वर ब्लॉक के थांगड़ प्राइमरी स्कूल के उस क्लासरूम में पहुंचे, जहां उन्होंने बचपन में शिक्षा ली थी। सीएम योगी ने यहां यमकेश्वर के चार स्कूलों का दौरा किया, जहां छोटे-छोटे बच्चों ने उनके स्वागत में गीत प्रस्तुत किया। सीएम योगी ने पौड़ी के राजकीय प्राथमिक विद्यालय ठांगर में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार प्रधानमंत्री जी के विजन को साकार करने में लगी है, यहां बदलाव दिख रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने उत्तराखंड दौरे के आखिरी दिन प्राथमिक विद्यालय ठांगर, जूनियर हाई स्कूल ठांगर, राजकीय प्राथमिक विद्यालय बिथ्याणी और राजकीय जूनियर हाई स्कूल कांडी का दौरा किया। सीएम योगी ने कहा कि काफी दिनों बाद यहां आया हूं। इस बार विद्यालय का काफी कायाकल्प हो गया है, विद्यालय का भवन भी बदल गया है। श्रीमद्भागवत गीता में कहा गया है कि किसी को ज्ञानवान बनाने से बढ़िया पुण्य का कार्य कोई नहीं है, इसके लिए आधार तैयार करने का कार्य यहां हो रहा है। उत्तराखंड सरकार प्रधानमंत्री जी के विजन को साकार करने में लगी है।

**स्कूलों में तकनीक के सहयोग से साधनों को बेहतर ढंग से किया जा सकता है लागू**

सीएम योगी ने कहा कि पिछले एक साल से इन स्कूलों में कई गतिविधियां शुरू की गई हैं। इसका अनुभव बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की झलक से किया जा सकता है। हम भी पीछे न रहें, इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। तकनीक का प्रयोग कर साधनों को बेहतर ढंग से लागू किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण की जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं होती, बल्कि इसमें समाज की भी सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। जब समाज शिक्षा को प्राथमिकता और योगदान देगा, तभी बेहतर व उज्ज्वल भविष? की नींव रखी जा सकती है। सीएम योगी ने कहा कि जब हम लोग यहां पढ़ते थे, तब स्थितियां कुछ और थीं। साधन नहीं थे, फिर भी बड़ी संख्या में यहां बच्चे पढ़ते थे, लेकिन हमारे गुरुजनों ने सीमित साधन में व्यवस्था अनुशासित करके रखा था।

## उत्तर प्रदेश की शिक्षा में योगी सरकार ने जोड़ा नया अध्याय, 13 डायट बने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, 15 और जल्द



**लखनऊ, 08 फरवरी।** उत्तर प्रदेश में शिक्षक प्रशिक्षण और बुनियादी शिक्षा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा आयोजित समारोह में बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने 13 जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करने की आधारशिला रखी। इसके अलावा, 'सम्पूर्ण' नामक एकीकृत प्रशिक्षण मॉड्यूल का विमोचन किया गया, जो शिक्षकों के व्यावसायिक विकास को नई दिशा देगा। समारोह में 'चहक' और 'परिकलन' कार्यपुस्तिकाओं की शुरूआत भी हुई, जो बच्चों में बुनियादी साक्षरता और गणितीय दक्षता को मजबूत करेंगी। इस दौरान बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने यह भी घोषणा की कि शिक्षक प्रशिक्षण को और व्यापक बनाने के लिए दूसरे चरण में 15 और डायट्स को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित इस शिलान्यास, पुरस्कार वितरण एवं एकीकृत प्रशिक्षण मॉड्यूल 'सम्पूर्ण' के विमोचन कार्यक्रम में वर्ष 2024-25 में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शिक्षकों के लिए आयोजित पंचम राज्य स्तरीय कला, क्राफ्ट एवं पपेट्री प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 53 प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। एससीईआरटी परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के अंतर्गत चयनित 13 जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों और राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के नव-निर्मित प्रशिक्षण भवन और नवीन छात्रावास 'कल्पतरु' का शिलान्यास किया। इसके साथ ही, एक प्रशिक्षण भवन का लोकार्पण व एकीकृत प्रशिक्षण मॉड्यूल 'सम्पूर्ण' का विमोचन भी किया गया।

# महाकुम्भ 2025: सांसद अनुराग ठाकुर ने पत्नी संग संगम में लगाई आस्था की डुबकी



**महाकुम्भ नगर, 8 फरवरी।** प्रयागराज में दिव्य और भव्य महाकुम्भ 2025 का आयोजन पूरे हर्षोल्लास के साथ हो रहा है। देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु पुण्य की डुबकी लगाने के लिए संगम नगरी पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री और हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर से लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर ने अपनी पत्नी सहित त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया। उन्होंने महाकुम्भ को दिव्य-भव्य बताते हुए इसे 'एकता का महाकुम्भ' बताया है। सांसद अनुराग ठाकुर ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर स्नान की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, "गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती। नर्मदे सिंधु कावेरी जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरु।।" उन्होंने इस अवसर पर मां गंगा, यमुना और सरस्वती की दिव्य धाराओं के संगम पर पूजा-अर्चना की और सर्वकल्याण की कामना की। अनुराग ठाकुर ने अपनी पोस्ट में कहा कि मां गंगा, यमुना और सरस्वती के शुभाशीष से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य का वास हो। उन्होंने महाकुंभ को 'एकता का महाकुंभ' बताया और इसे भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक कहा। बता दें कि महाकुंभ 2025 में अब तक 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पुण्य की डुबकी लगा चुके हैं। इस ऐतिहासिक आयोजन में देश के विभिन्न हिस्सों से साधु-संत, राजनेता, सामाजिक कार्यकर्ता और आमजन आस्था के साथ भाग ले रहे हैं। प्रयागराज का यह महाकुम्भ सनातन संस्कृति की अनंत धारा को विश्व पटल पर गौरवान्वित कर रहा है।

**ये प्रमुख राजनेता अब तक लगा चुके हैं पावन डुबकी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ (मंत्रिमंडल समेत) संगम में डुबकी लगा चुके हैं। इसके अलावा प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल, हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी, मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, अर्जुन राम मेघवाल, श्रीपद नाइक, बीजेपी सांसद सुधांशु त्रिवेदी, राज्य सभा सांसद सुधा मूर्ति, असम विधानसभा अध्यक्ष बिस्वजीत दैमारी, सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता माता प्रसाद पांडे, गोरखपुर के सांसद रवि किशन, हेमा मालिनी, पूर्व सांसद दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' और भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद भी संगम में स्नान कर चुके हैं। आगामी 10 फरवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी संगम में पावन डुबकी लगाने आएंगी।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की उत्तर प्रदेश की तारीफ

**लखनऊ, 8 फरवरी:** दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत के बाद भाजपा कार्यालय पहुंचे प्रधानमंत्री ने कार्यकताओं को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नें यहां एक तरफ दिल्ली जीत की बधाई दी तो दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश के अयोध्या जनपद के मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की जीत को अभूतपूर्व करार दिया। पीएम ने उत्तर प्रदेश की तारीफ की। गौरतलब है कि 2017 में मुख्यमंत्री पद संभालने के बाद योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने कानून, विकास और सुशासन का नया अध्याय लिखा है।

**यूपी में दिमागी बुखार का बरसता था कहर, इसका अंत करने के लिए हमने संकल्पबद्ध होकर किया कार्य**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली के बगल में यूपी है। एक जमाने में उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था कितनी बड़ी चुनौती थी। सबसे बड़ा चैलेंज नारी शक्ति के लिए होता था। यूपी में दिमागी बुखार का कहर बरसता था, लेकिन इसका अंत करने के लिए हमने संकल्पबद्ध होकर कार्य किया। गौरतलब है कि योगी आदित्यनाथ ने दिमागी बुखार के खात्मे का अभियान अपने हाथ में लिया। बतौर सांसद उन्होंने सदन से सड़क तक इसकी लड़ाई लड़ी। मुख्यमंत्री बनने के उपरांत उन्होंने इसे समाप्त कराने में भी बड़ी भूमिका का निर्वहन किया।

**तुष्टिकरण नहीं, भाजपा के संतुष्टिकरण की पॉलिसी को चुन रहे लोग**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अयोध्या के मिल्कीपुर भाजपा को जानदार जीत मिली है। हर वर्ग ने भारी संख्या में भाजपा के लिए मतदान किया है। अभूतपूर्व विजय दी है। आज से तुष्टिकरण नहीं, बल्कि भाजपा के संतुष्टिकरण की पॉलिसी को चुन रहा है।

## रिहायशी इलाके में कमर्शियल मैरिज हॉल बना मुसीबत, प्रशासन मौन




**लखनऊ।** के थाना महानगर क्षेत्र में स्थित तुलसी गंगा मंडप रिहायशी इलाके में एक कमर्शियल मैरिज हॉल के रूप में काम कर रहा है, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शादी-पार्टियों से बढ़ रही मुश्किलें ट्रैफिक जाम शादी-ब्याह के दौरान सड़क पर खड़ी गाड़ियों से इलाके में लगातार जाम की समस्या बनी रहती है जिस कारण आमजन को होती है काफी दिक्कत शराब पार्टी सड़कों पर शराब के खुलेआम सेवन और पार्टी की वजह से माहौल असुरक्षित हो रहा है और इसी प्रकार हर शादी के सीजन के समय अतरिक्त मात्रा मे कूड़ा देखने जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है पार्किंग की अव्यवस्था मैरिज हॉल में पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं है, जिससे सड़कें अघोषित पार्किंग जोन बन चुकी हैं। शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं स्थानीय लोगों ने कई बार प्रशासन और पुलिस से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। प्रशासन की चुप्पी सवालों के घेरे में लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस और अन्य संबंधित विभाग इस मामले पर मौन हैं। सवाल उठता है कि क्या इस मैरिज हॉल को किसी तरह का राजनीतिक या प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त है? अब देखना होगा कि शासन-प्रशासन इस अवैध रूप से चल रहे कमर्शियल मैरिज हॉल के खिलाफ कोई कार्रवाई करता है या फिर यह समस्या यूं ही बनी रहेगी।

# हरियाणा

## समाजसेवी दिनेश बक्शी ने आज एक बार फिर मानवता की भलाई के लिए प्लेटलेट्स दान किए



**करनाल बीटू संधू**

लक्ष्य जनहित सोसाइटी के फाउंडर एंव समाजसेवी दिनेश बक्शी ने आज एक बार फिर मानवता की भलाई के लिए प्लेटलेट्स दान किए। उल्लेखनीय हैं कि आज दिनेश बक्शी को एक फोन कॉल कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज एंव अस्पताल से आई। उन्होंने कहां कि हमें एक मरीज जिसकी उम्र 70 साल ओर प्लेटलेट्स संख्या 5000 रह गई है के लिए इ+ प्लेटलेट्स की जरूरत है उसे जल्द प्लेटलेट्स चढाने होंगे। जिस के बाद दिनेश बक्शी ने बिना देर किए कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज एंव अस्पताल के ब्लड सेंटर में जाकर अपने प्लेटलेट्स दान किए। ज्ञात रहे कि दिनेश बक्शी जो कि रक्तदान व पर्यावरण के लिए काफी समय से काम करते है और महामहिम राज्यपाल के साथ-साथ कई नेशनल व इंटरनेशनल स्तर पर सम्मानित हो चुके है। उनके द्वारा अब तक 135 ब्लड व 84 बार प्लेटलेट्स दान किए गए है। दिनेश बक्शी का कहना है कि कोई भी स्वस्थ व्यक्ति 3 महीने के अंतराल पे ब्लड डोनेट कर सकता है, जबकि प्लेटलेट्स देने के 72 घंटे बाद दोबारा प्लेटलेट्स दान कर सकता है तथा महीने में 2 से 3 बार प्लेटलेट्स दान कर सकता है इससे शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती।दिनेश बक्शी ने कहा कि इंसान को इंसान के काम आना चाहिए और ब्लड,प्लेटलेट्स ऐसी नायाब चीज प्रभु ने इंसान के शरीर में बनाई है जो आज तक किसी फैक्टरी या लैब में नहीं बन पाई।ये एक इंसान ही दूसरे इंसान को दे सकता है।

## प्रतिबंधित नशीले पदार्थो सहित करनाल पुलिस की टीमो द्वारा दो आरोपी गिरफतार

### आरोपीयो के कब्जे से 487 ग्राम अफीम व 4.450 किलोग्राम चूरा पोस्त किया बरामद।



**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल।** जिला पुलिस करनाल की अपराध शाखा-01 व एटी.नारकोटिक्स सेल की टीमो द्वारा प्रतिबंधित नशीले पदार्थ की खरीद फराख्त पर अंकुश लगाते हुए प्रतिबंधित नशीले पदार्थो सहित दो अलग-अलग मामलो मे दो आरोपीयो को गिरफतार किया गया व गिरफतार किए गए आरोपीयो के कब्जे से 487 ग्राम अफीम व 4.450 किलोग्राम चूरा पोस्त बरामद किया गया। पहले मामले में उप निरक्षक जयपाल कुमार अपराध शाखा-वन टीम की अध्यक्षता में कार्य करते हुए 07.02.2025 को आरोपी....प्रीत पुत्र राज सिंह निवासी गांव बरेटा जिला मानसा पंजाब को विश्वनिय सूचना के आधार पर गांव बल्ला के पास से गिरफतार किया गया। आरोपी के कब्जे से 487 ग्राम अफीम बरामद की गई व प्रारभिंक पूछताछ में अन्य विश्वनिय साक्ष्य के आधार पर जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी उपरोक्त अफीम को सस्ते दाम पर बिहार से एक जगह से एक व्यक्ति से खरीद कर लाया था। ताकि ओरापी अफीम को महंगे दाम पर बेचकर मुनाफा कमा सके। आरोपी को आज पेश अदालत करके 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। दौराने रिमांड आरोपी से पुछताछ की जाऐगी व जिस व्यक्ति से आरोपी अफीम खरीद कर लाया था उस व्यक्ति की गिरफतारी के प्रयास किए जाएंगे। दुसरे मामले में उप निरक्षक रोहतास एंटीनाकोटिक्स सेल की अध्यक्षता में टीम द्वारा कल दिनांक 07.02.2025 को अरोपी चरणा राम पुत्र अम्बुराम निवासी गांव उस्मानपुर थाना पेहवा जिला कुरुक्षेत्र को विश्वनिय सुचना के अधार पर गांव माजरा रोड के पास से गिरफतार किया गया। व आरोपी के कब्जे से 4.450 किलोग्राम चुरा पोस्त बरामद किया गया आरोपी उपरोक्त चुरा पोस्त को उतर प्रदेश बार्डर के एरिया से एक व्यक्ति से खरीद कर लाया था जांच में यह भी खुलासा।

## दिल्ली के डॉक्टरों ने करनाल में की स्वास्थ्य चर्चा, अपोलो का प्रिविलेज कार्ड किया लॉन्च

### जीवनशैली में बदलाव लाकर हम बना सकते है अपने स्वास्थ्य को बेहतर : डॉ. मुकेश गोयल

**लोगों को समय रहते बीमारी का पता चले, इस दिशा में करनाल के लोगों के लिए किया गया प्रिविलेज कार्ड लॉन्च**



**करनाल बीटू संधू**

**करनाल।** शहर के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रिविलेज कार्ड लॉन्च किया है। इस कार्ड के जरिए इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में प्राथमिकता सेवाएं और विशेष लाभ प्रदान किया जाएगा। भारत विकास परिषद (माधव शाखा) के सहयोग से इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा करनाल में स्वास्थ्य पर चर्चा का आयोजन किया गया। नई दिल्ली स्थित इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स के कार्डियोथोरेसिक व हार्ट एंड लंग ट्रांसप्लांट सर्जरी विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. मुकेश गोयल ने कहा कि हृदय रोग एक बढ़ती चिंता है। देश के लगभग सभी हिस्सों में इसका दायरा बढ़ रहा है। ऐसे में लोगों को लोग जागरूक होने की आवश्यकता है। कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक करना चाहिए। इसके जरिए हम लोगों को निवारक हृदय देखभाल जीवनशैली में संशोधन और शीघ्र निदान के बारे में शिक्षित कर सकते हैं। डॉ. मुकेश गोयल ने कहा कि आज के समय में हमें अपने हृदय रोगों की रोकथाम, जीवनशैली में बदलाव और समय पर हस्तक्षेप पर ध्यान देने की आवश्यकता है। वहीं डॉ. गौरव त्यागी ने पीठ दर्द पर चर्चा करते हुए जेएपी-एक्स प्रक्रिया के बारे में भी बताया, जिसे हाल ही में दिल्ली के अपोलो अस्पताल में शुरू किया है। यह तकनीक, जो ब्रेन ट्यूमर के लिए एक गैर-आक्रामक रेडियो सर्जरी है, एक सुरक्षित उपचार विकल्प प्रदान करती है। इस बीच इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स के लिवर प्रत्यारोपण और एचपीबी सर्जरी विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. नीरव गोयल ने कहा कि इस ?

## बसंत ऋतु मानव जीवन और प्राकृतिक जगत में नई चेतना, सुंदरता और खुशहाली का वातावरण लाती है। - प्रो. (डॉ.) रामपाल सैनी

### डीएवी पीजी कॉलेज में धुमधाम से मनाया गया बसंत ऋतु कार्यक्रम।





**करनाल बीटू संधू**

**करनाल।** डीएवी पीजी कॉलेज के महिला प्रकोष्ठ की ओर से बसंत ऋतु के आगमन पर आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर प्राचार्य प्रो.( डॉ.) रामपाल सैनी ने कहा कि बसंत ऋतु मानव जीवन और प्राकृतिक जगत में नई चेतना,सुंदरता और खुशहाली का वातावरण लाती है। बसंत ऋतु के आगमन से प्रकृति खिल उठती है,और नए स्वरूप में दिखाई देती है, इस ऋतु में फसलें लहलहा रही होती है जो खुशहाली और समृद्धि लेकर आती हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार वसंत ऋतु के आगमन से सारी सृष्टि खिलकर मनमोहक बन जाती है उसी प्रकार हमें भी अपने श्रेष्ठ कार्यों से समाज,राष्ट्र व विश्व को मानवतावादी भाव से महान बनाना चाहिए। हमें ऐसे कार्य करने चाहिए कि सभी हमारा यशगान करें। हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम प्रकृति को सुरक्षित रखने के लिए लगातार प्रयास करते रहे। बसंत ऋतु के उत्सव पर उन्होंने उन्होंने सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। बसंत ऋतु के उत्सव में गीत, बैलून रेस, तंबोला, हर्डल रेस, प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। जिससे दर्शकों ने खूब मनोरंजन किया। महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ मोनिका मुवाल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए प्रकोष्ठ के अन्य सदस्यों सहित प्राचार्य को उपहार भेंट कर सम्मानित किया। बसंत ऋतु उत्सव में सभी स्टाफ सदस्य पीली व हरि रंग की ड्रेस पहनकर कार्यक्रम में पहुंचे। जो सभी सुंदर लग रहे थे। इस मौके पर सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।
आभार सहित धन्यवाद।
प्राचार्य, डीएवी पीजी कॉलेज, करनाल।

## छात्राएं अपने लक्ष्य को प्राप्त करके माता-पिता एवं गुरुजन का करे नाम रोशन : कृष्ण पंवार

### मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने आर्य कन्या गुरुकुल मोर माजरा में स्वामी श्रद्धानंद द्वार का किया उद्घाटन





स्वामी श्रद्धानन्द द्वार का उद्घाटन करते व कार्यक्रम को संबोधित करते मंत्री कृष्ण लाल पंवार।

करनाल, फरवरी : असंध के गांव मोर माजरा में शुक्रवार को आर्य कन्या गुरुकुल के प्रांगण में 52 वा वार्षिकोत्सव का शुभारंभ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर हरियाणा सरकार में पंचायत एवं विकास, खान एवं भूविज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने मुख्य अतिथि के रूप मे शिरकत की। इस अवसर पर मंत्री कृष्ण लाल पंवार का गुरुकुल प्रबंधन समिति की ओर से पुष्प-गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में गुरुकुल की छात्राओं के द्वारा अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने लगभग 1 करोड़ की राशि से तैयार गुरुकुल के नवनिर्मित स्वामी श्रद्धानंद द्वार का उद्घाटन किया और गुरुकुल के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के द्वितीय तल के निर्माण कार्यो का शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने यहां आयोजित 52वे वार्षिकोत्सव की गुरुकुल परिवार को बधाई दी और गुरुकुल के निमंत्रण पर आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि ने गुरुकुल की छात्राओं को संदेश दिया कि समय और शिक्षा का सही उपयोग ही व्यक्ति को सफल बनाता है। उन्होंने अपने संबोधन में सभी छात्राओं को प्रेरित किया कि वे केवल अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखें और अपने लक्ष्य को प्राप्त कर माता पिता एवं गुरुजन का नाम रोशन करे। मंत्री कृष्ण पवार ने गुरुकुल की उन्नति के लिए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया ।

उन्होंने कहा कि आज इस गुरुकुल की छात्राएं अपनी शिक्षा, संस्कारों और खेल प्रतिभाओं से देश प्रदेश में क्षेत्र का नाम रोशन कर रही है। इस दौरान गुरुकुल समिति के प्रधान एडवोकेट जसबीर सिंह मान ने मुख्य अतिथि का गुरुकुल प्रांगण में पधारने पर धन्यवाद किया। प्रधान जसवीर सिंह मान जी ने छात्राओं को अपना आशीर्वाद दिया और मुख्य अतिथि जी के वचनों को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया । इस अवसर पर सचिव राम सिंह, ईश्वर सिंह, सरपंच मोर माजरा राजिंदर मान, नौरंग बांगड़ , दलीप सिंह मान और महासभा समिति के सभी सदस्य गण और विशिष्ट व्यक्ति सहित अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।

## हरियाणा में नगर निकाय चुनावों से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों के तबादले व नियुक्तियों पर रोक

चंडीगढ़, फरवरी : हरियाणा सरकार ने प्रदेश में 2 और 9 मार्च को होने वाले नगर निकाय चुनावों के मद्देनजर इन चुनावों की संचालन प्रक्रिया से जुड़े सरकार के अधिकारी-कर्मचारियों के स्थानांतरण या नियुक्तियों पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। यह रोक चुनाव परिणामों की घोषणा तक जारी रहेगी। हालांकि यदि चुनावों से जुड़े किसी अधिकारी या कर्मचारी को स्थानांतरित करना आवश्यक समझा जाता है तो इसके लिए राज्य चुनाव आयोग की पूर्व लिखित स्वीकृति लेनी अनिवार्य होगी। मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी ने इस आशय के आदेश जारी किए हैं। प्रदेश में 8 नगर निगमों के महापौर और सभी वार्डो के पार्षदों, 4 नगर परिषदों और 21 नगर पालिकाओं के अध्यक्षों और सभी वार्डो के पार्षदों के आम चुनावों और नगर निगम अंबाला व सोनीपत के महापौर, नगर परिषद सोहना (गुरुग्राम) और नगर पालिका असंध (करनाल), इस्माइलाबाद (कुरुक्षेत्र) के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव होना है। नगर पालिका, लाडवा (कुरुक्षेत्र) के वार्ड नंबर 11, नगर पालिका, सफीदों (जींद) के वार्ड नंबर 14 और नगर पालिका, तरावड़ी (करनाल) के वार्ड नंबर 5 के पार्षदों के लिए चुनाव होना है। नगर निगम पानीपत को छोड़कर सभी नगर निकायों में चुनाव 2 मार्च को होगा जबकि नगर निगम पानीपत के लिए चुनाव 9 मार्च को होगा। नगर निगम पानीपत को छोड़कर नामांकन पत्र 11 फरवरी से 17 फरवरी तक भरे जाएंगे। इसी बीच 12 फरवरी और 16 फरवरी को अवकाश रहेगा। नगर निगम पानीपत के लिए नामांकन पत्र 21 फरवरी से 27 फरवरी तक भरे जाएंगे। इस दौरान 23 व 26 फरवरी को अवकाश रहेगा।

## एसीबी ने महिला आयोग की पूर्व उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल और उसके पीए के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट की दायर

चंडीगढ़, फरवरी : एसीबी ने महिला आयोग की पूर्व उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल और उसके पीए कुलबीर के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दायर की। मामला यह था कि शिकायतकर्ता अनिल कुमार निवासी गांव राजगढ जुलाना जींद ने एसीबी को दी गई शिकायत में आरोप लगाया था कि उसका व उसकी पत्नी की आपस में अनबन होने के कारण पत्नी ने हरियाणा राज्य महिला आयोग पंचकूला में उसके विरूद्ध शिकायत दी थी। उसकी पत्नी द्वारा दी गई शिकायत को रफादफा करने की एवज में आरोपी सोनिया अग्रवाल ने उससे एक लाख रुपए रिश्वत मांगी थी। जिस पर एसीबी ने आरोपी कुलबीर पीए उपाध्यक्ष हरियाणा राज्य महिला आयोग पचंकूला को शिकायतकर्ता अनिल कुमार से आरोपी सोनिया अग्रवाल उपाध्यक्ष हरियाणा राज्य महिला आयोग के कहे अनुसार एक लाख रुपए रिश्वत लेते जिंदल पार्क हिसार से 14 दिसंबर 2024 को पकड़ा था। अब उसके खिलाफ एसीबी ने कोर्ट में चार्जशीट दायर की है।

## डा. सुशील गुप्ता ने निकाय चुनाव को लेकर प्रदेश पदाधिकारियों के साथ की बैठक

### पूरी मजबूती और पार्टी सिंबल पर निकाय चुनाव लड़ेगी आम आदमी पार्टी : डॉ. सुशील गुप्ता





चंडीगढ़, फरवरी : आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने झज्जर में प्रदेश स्तर और जिला स्तर के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में निकाय चुनावों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान चुनावों को लेकर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी और चुनाव लड़ने वाले चेहरों को चिह्नित किया। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी हरियाणा में निकाय चुनाव अपने दम पर पूरी मजबूती से लड़ेगी और पार्टी सिंबल पर लड़ेगी। इसके लिए पार्टी ने कमर कस ली है। निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी भाजपा के कुशासन और अव्यवस्था को मुद्दा बनाकर जनता को भाजपा के खिलाफ एक सशक्त विकल्प देने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी निकाय चुनाव में पूरी मेहनत से संघर्ष करेगी और जीतेगी। अब लोग समझ चुके हैं कि आम आदमी पार्टी ही बीजेपी को हरा सकती है। बीजेपी को हराना कांग्रेस के बस की बात नहीं है। आम आदमी पार्टी मुद्दों की राजनीति करती है। आम आदमी पार्टी हरियाणा में आने वाले सभी चुनाव लड़ेगी। आम आदमी पार्टी अपने संगठन को और मजबूत करेगी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी प्रदेश में संगठन को और मजबूत करेगी और जन जन तक आम आदमी पार्टी की विचारधारा को पहुंचाने का काम करेगी। पार्टी का लक्ष्य हरियाणा में भय मुक्त और भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन देना है।

### कम दृश्यता के कारण बुजुर्गों सहित युवाओं को पढ़ने-लिखने और देखने में हो रही परेशानी, अस्पताल में भी नहीं मिल रहा उपचार

## हरियाणा में बढ़ रहे लो विजन के मामले, रोजाना आ रहे 500 से अधिक केस, समाधान की तलाश में स्वास्थ्य विभाग

### सरकार हर अस्पताल से एक नेत्र सहायक को ट्रेनिंग दिलाने पर कर रही विचार, अस्पताल में अलग से क्लीनिक खोलने पर भी चल रहा मंथन

चंडीगढ़, फरवरी : हरियाणा में लो विजन (कम दृश्यता) के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। खासकर बुजुर्गों सहित युवाओं में यह समस्या देखने को मिल रही है। अभी तक सरकारी अस्पतालों में इस बीमारी का स्थायी हल न होने के चलते लोगों को तरह-तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आंकड़ों की बात करें तो पूरे प्रदेश में रोजाना इस बीमारी से ग्रस्त 500 लोग नत्र चिकित्सकों तक पहुंच रहे हैं। मगर मैकेनिज्म के अभाव में नेत्र चिकित्सक भी लोगों का उपचार नहीं कर पा रहे हैं। हालांकि सरकार ने आने वाले दिनों में हर अस्पताल से एक नेत्र सहायक को ट्रेनिंग दिलाने का निर्णय लिया है।

**कम दृष्टि के कारण**

उम्र से जुड़ा मैक्युलर डिजनरेशन (एएमडी), मोतियाबिंद, ग्लूकोमा, मधुमेह से जुड़ी रेटिनोपैथी, आंखों की चोट, आनुवंशिक विकार, नसों में ब्लॉकेज है।

वहीं अस्पताल में अलग से क्लीनिक खोलने पर भी विचार चल रहा है। दरअसल, कम दृष्टि या लो विजन के मामले बढ़ रहे हैं। कम दृष्टि एक स्थायी दृश्य हानि है। जिस कारण देखने में परेशानी होती है। यह समस्या बढ़ती उम्र के साथ-साथ, आंखों की चोट और कुछ आनुवंशिक विकारों की वजह से भी होती है।



डॉ. जगदीप बसूर

बढ़ती उम्र के साथ बुजुर्गों में यह समस्या बढ़ रही है। सरकार इसके स्थायी समाधान को लेकर लगातार प्रयासरत है। जिसके चलते अभी हाल ही में हरियाणा से 27 नेत्र सहायकों को एम्स दिल्ली में ट्रेनिंग दिलाई गई थी। वहीं सरकार हर जिला अस्पताल में क्लीनिक खोलने पर विचार कर रही है। इसके लिए हर जिले से कम से कम एक नेत्र सहायक तो एम्स दिल्ली में 14 दिनों का प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। इसके अलावा जरूरी आधुनिक उपकरण भी उपलब्ध करवाए जाएंगे।
*-डॉ. जगदीप बसूर, डिप्टी डॉयरैक्टर, ब्लाइंडनेस कंट्रोल प्रोग्राम हरियाणा।*

**इलाज के लिए ये करें उपाय**

हाइली क्वालीफाइड ऑप्टोमेट्रिस्ट, ऑप्टिशियन या नेत्र रोग विशेषज्ञ से सलाह लें। लो विजन डिवाइस जैसे टेलीस्कोप या मैग्निफायर का इस्तेमाल करें। विटामिन और मिनरल्स लें। खाने में कैरोटीनॉयड्स शामिल करें। इसके अलावा मैग्निफाइंग ग्लास, जो पढ़ाई और बारीक कामों में मदद करता है। टेलीस्कोप, जो दूर की वस्तुओं को देखने के लिए। हाई-पावर चश्मा, जो विशेष रूप से डिजाइन किए गए चश्मे जो दृष्टि सुधारते हैं। नॉन-ऑप्टिकल उपकरण में बड़ी छपाई वाली किताबें, ब्रेल लिपि, जो नेत्रहीनों के लिए लेखन और पढ़ने का साधन। कंट्रास्ट बढ़ाने वाले कागज और पेन, जो लिखावट को अधिक स्पष्ट बनाने के लिए। ये उपकरण कम दृष्टि वाले लोगों को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी जीवन गुणवत्ता में सुधार करने में सहायता करते हैं।

**कम दृष्टि का मतलब पूर्ण अंधापन नहीं**

कम दृश्यता को चश्मे, कॉन्टैक्ट लेंस या सर्जरी से ठीक नहीं कर सकते। अधिकांश नेत्र चिकित्सक कम दृष्टि को मध्यम से गंभीर दृश्य हानि के रूप में परिभाषित करते हैं। जो ड्राइविंग और पढ़ने में बाधा उत्पन्न करने के लिए पर्याप्त है। कम दृष्टि का मतलब पूर्ण अंधापन नहीं है। कुछ दृष्टि बनी रहती है। दृष्टि पुनर्वास सेवाएं कम दृष्टि वाले लोगों को उनकी क्षमता का अधिकतम लाभ उठाने में मदद करती हैं।

## केजरीवाल के आरोपों पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज का पलटवार

**कहा : हारे हुए को कोई संपर्क क्यों करेगा, सभी सर्वे बता रहे हैं कि आम आदमी पार्टी दिल्ली में हार रही है**

अंबाला छावनी, फरवरी : हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने आम आदमी पार्टी नेता अरविंद केजरीवाल के आरोप कि भाजपा उनके उम्मीदवारों को प्रलोभन दे रही है पर पलटवार करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी पागल हो गई है। अभी परिणाम ही नहीं आए तो हारे हुए को क्यों कोई संपर्क करेगा। सभी सर्वे बता रहे हैं कि दिल्ली चुनाव में आम आदमी पार्टी हार रही है। अमेरिका द्वारा गत दिनों भारतीयों को डिपोर्ट के सवाल पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि जो लोग डिपोर्ट हुए हैं वह अवैध तरीके से विदेश गए थे और जिन लोगों ने उन्हें भेजा था वह अवैध तरीके से भेजा था। इनके खिलाफ भी केस दर्ज होना चाहिए। वह जब गृह मंत्री थे तो उन्होंने दो एसआईटी बनाई थी। पहली बार कबूतरबाजी के मामलों में 600 आरोपी पकड़े गए थे जबकि दूसरी बार में 550 लोग अंदर किए थे। लोगों को जायज तरीके से विदेश जाना चाहिए। हम परिवहन विभाग का डिजिटलीकरण कर रहे हैं, हम ट्रैकिंग साफ्टवेयर बना रहे हैं जिससे बसों की स्थिति का पता चलेगा। परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि परिवहन विभाग में ऐप बनाई जा रही है जिसमें क्रास बार की भी सुविधा की जा रही है। हम डिजिलिटीकरण कर हैं, ट्रैकिंग साफ्टवेयर बना रहे हैं जिससे पता चलेगा कि कौन सी बस कहां चल रही है जिससे यात्रियों व विभाग को बस की सही स्थिति का पता चलेगा। इसी प्रकार जैसे हवाई अड्डों पर डिजिटल डिस्पले बोर्ड लगे होते हैं, हम बस स्टैंड पर भी ऐसे डिस्पले बोर्ड लगाएंगे जिससे बसों के आवगन की जानकारी मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### न्यायालय ने दोषियों को दी 10-10 वर्ष के कारावास की सजा

टूंडला। डीजीपी द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत मॉनिटरिंग सेल फिरोजाबाद द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुये ठोस साक्ष्य संकलन के आधार पर थाना टूण्डला पर पंजीकृत अभियोग में अभियुक्ता मृदुला दीक्षित, अभियुक्त शैन्की व विशाल को न्यायालय स्पेशल पॉक्सो द्वारा दोषी पाते हुए 10-10 वर्ष का कारावास और 10-10 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

### राजा ताल प्रीमियर लीग का 15 फरवरी से होगा शुभारंभ


मैच में भाग लेने वाली टीम व कमेटी सदस्य।

टूंडला। जनपद में पहली बार राजा का ताल प्रीमियर लीग का आयोजन होने जा रहा है, जोकि 15 फरवरी से 25 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। इसमें 6 टीम में भाग ले रही हैं। इन टीमों में श्याम सरोवर स्टार्स, ऐजे ब्रदर्स, दास डेविल्स, ग्लोरियस आधिविक, पाइनले पेंथर किंग, जिविक इन्टेरिओ टाइगर आदि हैं। इन सभी मैचों का आयोजन ओम ग्लास स्टेडियम में कमेटी द्वारा सुनिश्चित किया गया है।

### बैठक 11 को

मैनपुरी। मुख्य विकास अधिकारी नेहा बन्धु ने बताया कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित आंकड़ों पर विकास व निर्माण कार्यों की माह जनवरी की प्रगति के आधार पर समीक्षा बैठक जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में 11 फरवरी को अपरान्ह 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में होगी।

### निर्वाचन में लगे वाहन स्वामी भुगतान को जमा करें दस्तावेज

फिरोजाबाद। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपद में हल्के, भारी वाहनों को प्रयोग में लाया गया था। ऐसे हल्के व भारी वाहन स्वामियों द्वारा अपने-अपने वाहनों की लॉगबुक व बैंक की पासबुक, वाहन की आरसी, आधार कार्ड व पैन कार्ड की छायाप्रति किसी कारणवश पांच फरवरी तक कार्यालय जिला पूर्ति अधिकारी को उपलब्ध नहीं करायी गयी है। ऐसे वाहन स्वामी अपने-अपने वाहनों की लॉगबुक, पासबुक, वाहन की आरसी, आधार कार्ड व पैन कार्ड की छायाप्रति कार्यालय जिला पूर्ति अधिकारी, फिरोजाबाद अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय में आठ फरवरी तक जमा कराना सुनिश्चित करें। जिससे हल्के, भारी वाहनों के किराये भाड़े का भुगतान वाहन स्वामियों को किया जा सके।

# मंडलायुक्त ने लिया पेयजल परियोजना का जायजा


पेयजल परियोजना का निरीक्षण करते मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह, साथ में डीएम रमेश रंजन।

■ टूंडला

शुक्रवार को मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह ने सतही श्रोत आधारित पेयजल परियोजना का निरीक्षण किया। यह परियोजना तहसील के रामगढ़ उमरगढ़ में स्थित है। इस परियोजना की स्वीकृति लागत 869.66 करोड़ है। इस परियोजना से समस्त 9 विकास खंडों के 780 राजस्व ग्रामों की कुल जनसंख्या 1931000 और आगरा जनपद के 15 विकास खंडों के 902 राजस्व ग्रामों की कुल जनसंख्या 2995770 को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। इस परियोजना को 9 अक्टूबर 2023 को प्रारंभ किया गया था, जबकि इस परियोजना की पूर्ण होने की तिथि 8 अप्रैल 2025 है। इस परियोजना का निर्माण एन.सी.सी एवं लरसन एण्ड टुब्रो द्वारा किया जा रहा है। मंडलायुक्त ने कार्य में गति न होने से नाराजगी जताई और मैन पावर बढ़ाने के निर्देश दिए। कहा कि अगर कार्य सही समय पर पूरा न हुआ तो विधिक कार्यवाही की जाएगी। इसके पश्चात ग्लास म्यूजियम व पर्यटन सूचना केंद्र का निरीक्षण करने गए। यहां चल रहे कार्यों की प्रगति देखकर संतुष्ट नजर आए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी रमेश रंजन, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


पुलिस लाइन में जर्जर भवनों का निरीक्षण करते एसएसपी सौरभ दीक्षित।

# एसएसपी ने पुलिसकर्मियों को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहने को लगवाई दौड़

■ फिरोजाबाद

पुलिस लाइन परिसर में एसएसपी ने पुलिस परेड की सलामी लेते हुए वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए पुलिस कर्मियों ने दौड़ लगवाई।

एसएसपी सौरभ दीक्षित ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में पुलिस परेड की सलामी ली। टोलीवार पुलिसकर्मियों का टर्नआउट चेक करते हुए सम्पूर्ण ड्रिल की कार्यवाही करवाई गई। इस दौरान शस्त्रों के संचालन एवं उचित रख-रखाव हेतु अभ्यास भी कराया गया। परेड के उपरांत कैंटीन, गैस एजेंसी, मल्टी-स्टोरी बिल्डिंग, फैमिली क्वार्टर्स, क्रेच, लाइब्रेरी सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों का जायजा लिया। पुलिस लाइन में क्षतिग्रस्त भवनों के समुचित रखरखाव एवं मरम्मत कार्य हेतु निर्देश दिए। उत्तर प्रदेश नागरिक पुलिस ट्रेनिंग के मद्देनजर बिल्डिंग का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर रविशंकर प्रसाद, ग्रामीण अखिलेश भदौरिया, क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन, शिकोहाबाद प्रवीन तिवारी, प्रतिसार निरीक्षक एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## हरि प्यारी कुबेर शिशु शाला के सिल्वर जुबली महोत्सव में बच्चों ने दीं रंगारंग प्रस्तुतियां

■ फिरोजाबाद

हरि प्यारी कुबेर शिशु शाला इंटर कॉलेज के 25 में स्थापना दिवस पर सिल्वर जुबली महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार-चॉद लगा दिये।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कारागार अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक मनोज राजताली ने विद्यालय की प्रगति आख्या पढ़कर सुनाई। इस अवसर पर जिला कारागार अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि आज विद्यार्थी सेवा, संस्कार, अनुशासन व चरित्र के प्रति सचेत नहीं है। जिसके कारण छोटे-छोटे बच्चे तक अपराध के रास्ते पर चल पड़े हैं। बच्चे पढ़ लिखकार स्वास्थ्य समाज का निर्माण कर सकेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पंकज यादव पार्षद ने भी बच्चों को अपना आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवासीश शर्मा ने की। कार्यक्रम में रक्षपाल सिंह, दिनेश बाबू, विकास, सोनू, ओमकार यादव, सुरेश बाबू यादव, काजल शंखवार, नीलम, शालिनी शंखवार, अनुपम शर्मा, सपना यादव, गोल्डी यादव आदि उपस्थित रहे।

### फंदे पर लटका मिला युवक का शव

फिरोजाबाद। थाना टूंडला क्षेत्र के एक गांव में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी शव कमरे के अंदर फंदे से लटका हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

पूरा मामला थाना टूंडला क्षेत्र के गांव उसायनी का है। जहां पर रहने वाले करीब 32 वर्षीय दीपक ने अपने ही कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जैसे ही इसकी जानकारी परिजनों को हुई, उनकी चीख निकल गई। बेटे का शव फंदे पर लटका हुआ देख रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बेटे के जिंदा होने की आस में वह उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## फिरोजाबाद महोत्सव में लोक नृत्य, मृदा संरक्षण व बेटी बचाओ का दिया संदेश


फिरोजाबाद महोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुती देतीं छात्राएं।

■ फिरोजाबाद

फिरोजाबाद महोत्सव के अंतिम दिवस के मध्यान्ह के सांस्कृतिक कार्यक्रम जिला प्रशासन के निर्देशन में पी.डी. जैन इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ मंडलायुक्त आगरा शैलेन्द्र कुमार सिंह, जिलाधिकारी रमेश रंजन, सीडीओ शत्रोहन वैश्य, एडीएम विशु राजा, मोहनलाल गुप्ता, संगीता, सीएमओ डॉ रामबदन राम, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पाण्डेय ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। तदुपरान्त ठाकुर वीरी सिंह इंटर कॉलेज, टूंडला की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, एमडी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज की छात्राओं द्वारा स्वागत गान एवं गिरधारी इंटर कॉलेज, सिरसागंज के विद्यार्थियों ने मेरे देश की धरती सोना उगले, उगले हीरे मोती, किड्ज जोन स्कूल की छात्राओं द्वारा लोक नृत्य, एम.जी.इ.एम स्कूल की छात्राओं द्वारा बेटी बचाओ, एस.एम.जी पब्लिक स्कूल द्वारा अरे द्वारपालों, होली आई, जलवा तेरा जलवा, डायट फिरोजाबाद द्वारा सांसर्तिक कार्यक्रम, जीडी गोइन्का द्वारा महाभारत आदि की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम का सफल संचालन अश्वनी कुमार जैन ने किया।

# रसूदखोर के उत्पीड़न से पीड़ित परिवार ने एसएसपी से लगाई गुहार, केस दर्ज

■ शिकोहाबाद

**■ दलित महिला को खेत पर पकड़ कर की अश्लील हरकत, बेटी के कपड़े फाड़े**

गांव में एक दलित परिवार की महिला के साथ गांव का ही रसूदखोर आए दिन अश्लील हरकतें करता है। जब पीड़िता के पति ने विरोध किया तो उक्त युवक ने उसकी पत्नी को खेत पर पकड़ लिया और उससे अश्लील हरकतें की। जब बचाव में उसकी बेटी आई तो उसने उसको जान से मारने का प्रयास किया और उसके भी कपड़े फाड़ दिए। बड़ी मुश्किल से दोनों अपनी जान बचा कर घर आई। पीड़िता ने एसएसपी को इस संबंध में तहरीर दी। पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के एक गांव में एक दलित परिवार रहता है। महिला का पति मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण कर रहा है। उसके मजदूरी पर जाने के बाद गांव का ही रसूदखोर उसके घर आकर उसकी पत्नी से अश्लील हरकतें करता है और गंदे इशारे करता है। जब इसकी जानकारी पीड़िता ने अपने पति से की तो पति ने गांव के चंद भले लोगों के साथ युवक से हरकतें बंद करने के लिए कहा। लेकिन रसूदखोर अपनी दबंगई के चलते दलित महिला के साथ आए दिन अश्सील हरकतें करता और उसे गंदे इशारे करता। तीन फरवरी को जब वह अपने खेत पर गोबर डालने गई तो उसे पहले से ही घात लगाए बैठे उक्त रसूदखोर ने पकड़ लिया और उससे अस्लील हरकतें कीं। जब उसने शोर मचाया तो उसकी बेटी बचाने आई। इस पर दबंग ने उसकी बेटी का गला दबा लिया और उसके कपड़े फाड़ दिये। इतना ही नहीं चेतावनी दी अगर तूने पुलिस में सूचना दी तो तेरे पति को जान से मार देंगे। इसके बाद पीड़िता थाना पहुंची, लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़िता ने एसएसपी कार्यालय में जाकर गुहार लगाई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर दबंग के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर रवी यादव के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### समाजसेवी व शिक्षाविद को दी श्रद्धांजलि

शिकोहाबाद। ब्लूमिंग बडस विद्यालय के संरक्षक एवं संस्थापक को समाज के शिक्षाविद एवं गणमान्य लोगों ने उनके निज निवास आटेपुर रोड स्थित गांव वीरई में जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

85 वर्षीय रामनिवास पचौरी का बीमारी के चलते बृहस्पतिवार को निधन हो गया। उनके निधन से शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई। उन्होंने ब्लूमिंग बड्स शिक्षा समिति की स्थापना कर नौ निहालों के भविष्य को संवारने का काम किया। परिवार एवं शिक्षा जगत के लोगों ने रामनिवास पचौरी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में विद्यालय प्रबंधक डॉ.राज पचौरी, केके पचौरी, राघव पचौरी के अलावा डा. सुकेश यादव, विपिन गर्ग आदि।

## मुख्य चौराहों और डिवाइडरों पर लगाये जाएं रिफ्लेक्टर

■ मैनपुरी

जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने जिला सड़क सुरक्षा समिति, जिला विद्यालय यान समिति की बैठक में लोक निर्माण, परिवहन, पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहाकि आपस में समन्वय स्थापित कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के प्रयास करें।

जिलाधिकारी ने कहाकि गत वर्ष जनवरी के सापेक्ष जनवरी 25 में सड़क दुर्घटनाओं में काफी वृद्धि हुई है, जो निराशाजनक है, संबंधित अधिकारी सड़क दुर्घटनाओं में हुई वृद्धि का कारण का विश्लेषण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहाकि मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए मुख्य चौराहों, डिवाइडर पर रिफ्लेक्टर लगाये जाए। यातायात निरीक्षक स्थानों का चिन्हांकन कर सूची अधिशासी अभियंता लोक निर्माण को उपलब्ध करायें, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण सूची में अंकित स्थान पर रिफ्लेक्टर, जेबरा क्रॉसिंग सहित अन्य संकेतांक प्राथमिकता पर लगवाना सुनिश्चित करें।

उन्होने कहाकि ओवर स्पीड, बिना सीट-बेल्ट, हेलमेट का प्रयोग किये वाहन चलाने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई हो, उनका चालान कर जुर्माना वसूला जाये, जनपद के किसी भी मुख्य मार्ग पर गढ्ढे न हों, मुख्य मार्गों के किनारे अभियान चलाकर अनाधिकृत अतिक्रमण हटाये जायें।

# अनुशासन के साथ लक्ष्य प्राप्ति की ओर बढ़ें विद्यार्थी

## लॉर्ड कृष्णा एजूकेशनल एकेडमी में हुआ भव्य विदाई समारोह

■ मैनपुरी

नगर के आगरा रोड स्थित लॉर्ड कृष्णा सीनियर सेकेंड्री एकेडमी में शुक्रवार को फेयरवेल पार्टी का आयोजन हुआ। जिसमें कक्षा 11 के छात्रों ने कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं को भावभीनी विदाई दी गई। छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुन्दर प्रस्तुतियां दी।


मिस्टर फेयरवेल नमन और मिस फेयरवेल अनन्या को पुरस्कार प्रदान करते प्रबंधक डॉ. राकेश गुप्ता, निदेशक शशांक गुप्ता, प्रधानाचार्या अनुपम गुप्ता व डॉ. प्रियंका गुप्ता।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक डॉ0 राकेश गुप्ता ने कहाकि छात्र-छात्राएं ज्ञान प्राप्ति करने के लिए विद्यालय में आते है और देश सेवा को प्रस्थान करते है। उन्होंने कहाकि छात्र जीवन में अनुशासन आवश्यक है। जहां भी जाएं अनुशासन की राह पर चलते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करें।

इससे पहले विद्यालय के प्रबंधक डॉ0 गुप्ता, निदेशक एड0 शशांक गुप्ता, जूनियर विंग की प्रधानाचार्या अनुपम गुप्ता व सीनियर विंग की प्रधानाचार्य डॉ0 प्रियंका गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया।

फेयरवेल पार्टी में नमन जैन को मिस्टर फेयरवेल व अनन्या चौहान को मिस फेयरवेल के खिताब से नवाजा गया। नरेंद्र त्रिवेदी, हैड इंचार्ज ज्योति मिश्रा, रचित जैन, रवि यादव, निश्चल मोदी, रंजना मिश्रा, विवेक यादव आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# पीडीए सम्मान का नारा दे रहीं प्रदेश सचिव


ग्रामीण महिलाओं से संवाद करती प्रदेश सचिव सरोज यादव।

■ मैनपुरी

पीडीए सम्मान का नारा लेकर सपा महिला सभा की प्रदेश सचिव सरोज यादव लगातार गांव-गांव भ्रमण कर पार्टी की नीतियां जनता तक पहुंचा रही है। शुक्रवार को प्रदेश सचिव ने जनपद के कई गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों से संवाद किया।प्रदेश सचिव सरोज यादव ने ग्रामीणों, खासकर ग्रामीण महिलाओं की समस्याओं को सुना और उनके निस्तारण का आश्वासन देते हुये कहाकि सपा ही एकमात्र ऐसा दल है, जो वास्तव में पीडीए का सम्मान करता है। सपा ने हमेशा ही जाति और धर्म के ऊपर उठकर राजनीति की है।

उन्होंने कहाकि सपा ने सत्ता का लालच त्याग कर हमेशा गरीब, कमजोर, किसान, महिलाओं, नौजवानों, युवाओं के लिए संघर्ष किया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव लगातार कार्यकर्ताओं से जनता के सुख-दुःख में साथ रहने की अपील करते है।प्रदेश सचिव ने कहाकि सत्ता में रहते हुये सपा ने हर वर्ग के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाऐं संचालित की। लैपटॉप वितरित कर छात्र, छात्राओं को तकनीकी शिक्षा से रुबरु कराया। सपा सरकार ने किसानों को खाद-पानी समय से उपलब्ध कराया।

### 15 फरवरी से होंगी सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा

# 10वीं में 4281 और इंटरमीडिएट में 3020 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

■ मैनपुरी

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद, नई दिल्ली, सीबीएसई बोर्ड की कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की वार्षिक परीक्षाएं आगामी 15 फरवरी से प्रारंभ हो रही है। जनपद में परीक्षा के लिए 10 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है, जहां पर कक्षा 10 के 4281 एवं कक्षा 12 के 3020 विद्यार्थी परीक्षा देंगे।

यह जानकारी जनपद मैनपुरी, एटा, फिरोजाबाद एवं कासगंज के सिटी कोऑर्डीनेटर एवं सुदिती ग्लोबल एकेडमी के प्रधानाचार्य डॉ0 राम मोहन ने बताया कि इस वर्ष सीबीएसई बोर्ड द्वारा सुदिती ग्लोबल एकेडमी, सीआरबी स्कूल, जेएस मैमोरियल पब्लिक स्कूल, सेन्ट मेरीज स्कूल, पैराडाइज पब्लिक स्कूल को परीक्षा केन्द्र बताया गया है।

उन्होंने बताया कि डॉ0 किरन सौजिया एजूकेशनल एकेडमी, लॉर्ड कृष्णा एजूकेशनल जूनियर हाईस्कूली, एसएसडी एजूकेशनल एकेडमी घिरोर, केपी चिल्ड्रंस एकेडमी बेवर तथा जवाहर नवोदय विद्यालय भोगांव को भी परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

#### परीक्षा के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति

सिटी कोर्डिनेटर ने बताया कि सीबीएसई द्वारा बोर्ड परीक्षाओं के सफल एवं शुचितापूर्ण संचालन के लिये केन्द्र पर्यवेक्षकों एवं आब्जर्बर की नियुक्ति की गई है। बोर्ड द्वारा नियुक्त ऑब्जर्बर सभी कन्द्रों पर परीक्षा मानकों के अनुसार परीक्षाओं का संचालन करवाने हेतु निरीक्षण करेंगे।


सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं के संबंध में जानकारी देते सिटी कॉर्डिनेटर डॉ. राम मोहन।

#### परीक्षा के दौरान अफवाहों पर न दें ध्यान

डॉ0 राम मोहन ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील करते हुये कहाकि सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही परीक्षा से संबंधित किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा उन्हें दूसरों को शेयर भी न करें। सीबीएसई ऐसी अफवाह फैलाने वालों पर समुचित कानूनी कार्रवाई करेगी।

# करहल के 100 विद्यालयों को उपलब्ध कराया फर्नीचर

■ मैनपुरी

**■ विद्यालयों के लिए ग्राम पंचायत निधि से क्रय किये गये फर्नीचर**

जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी नेहा बन्धु ने विकास भवन प्रागंण में ग्राम पंचायत निधि से क्रय किये गये फर्नीचर को विकास खंड करहल के 100 विद्यालयों हेतु फर्नीचर उपलब्ध कराया।


विद्यालयों के लिए फर्नीचर उपलब्ध कराते जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी।

जिलाधिकारी ने कहाकि जनपद के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को विद्यालयों में शैक्षिक वातावरण के साथ-साथ मूल-भूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से ऑपरेशन कायाकल्प के तहत 19 बिन्दुओं से संतृप्त कराने का अभियान संचालित है।

उन्होंने कहाकि अधिकांश विद्यालय 16 बिन्दुओं से संतृप्त हो चुके है, विद्यालयों में पीने के स्वच्छ पानी की उपलब्धता, बालक-बालिका शौचालय, यूरिनल, शौचालयों में रनिंग वाटर, विद्युतीकरण, कक्षों में टाइलीकरण आदि कार्य पूर्ण हो चुके है, कुछ विद्यालयों में छात्रों हेतु फर्नीचर, बाउण्ड्रीवॉल, दिव्यांग शौचालय नहीं है।

इस दौरान जिला विकास अधिकारी अजय कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए सत्येन्द्र कुमार, उपायुक्त एनआरएलएम शौकत अली, जिला पंचायत राज अधिकारी अवधेश सिंह, खण्ड विकास अधिकारी करहल नवनीत कुमार आदि मौजूद रहे।

सार समाचार

## पश्चिमी सीरिया में गश्ती दल पर सशस्त्र हमला



**दमिश्क।** पश्चिमी सीरिया के लताकिया शहर में एक सुरक्षा गश्ती दल पर सशस्त्र हमले में दो लोग घायल हो गए। गुरुवार को हुए इस हमले में घायल लोगों में सार्वजनिक सुरक्षा विभाग का एक सदस्य भी है। सीरिया के अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद शासन के कुछ वफादार घात लगाकर हमले कर रहे हैं। अरबी न्यूज वेबसाइट 963+के अनुसार लताकिया गवर्नरेट में सार्वजनिक सुरक्षा विभाग के निदेशक मुस्तफा कनीफाती ने इसकी पुष्टि की। निदेशक मुस्तफा कनीफाती ने कहा कि हमलावरों की तलाश की जा रही है। इस महीने की शुरुआत में लताकिया ग्रामीण इलाके में हुए हमले में आंतरिक मंत्रालय के सामान्य सुरक्षा विभाग के तीन सदस्य मारे गए।

## नेपाल में 17 अमेरिकी और एक भारतीय गिरफ्तार

**काठमांडू।** सुनसरी जिले में शुक्रवार को ईसाई धर्म का प्रचार करने के आरोप में 17 अमेरिकी और एक भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। यह सभी टूरिस्ट वीज़ा पर नेपाल आये थे, लेकिन श्रमदान की आड़ में ईसाई धर्म का प्रचार कर रहे थे। सनसरी के जिलाधिकारी धर्मेंद्र मिश्र के अनुसार अमेरिकी नागरिक रायन मैथ्यू कार्टर, सिलास डैनियल फॉक्स, रसेल थॉमस हॉवेल्स, रोज़ ब्रायन हॉवेल्स, मार्क एलन मैथ्यू, ब्रायन केनेडी, प्यात्रिक इरविन समर्स, डुआन माइकल गोडलिङ, बैनमिन वार्ड कौफ मैन और ब्रायन वार्ड कौफ को धर्मांतरण के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

## रूस में श्रीलंका के 59 नागरिकों की युद्ध में मौत




**कोलंबो।** रूस और यूक्रेन के बीच छिड़ी जंग में श्रीलंका के 59 नागरिकों की मौत हो चुकी है। यह सभी रूस की तरफ से लड़ाई लड़ते हुए मारे गए। श्रीलंका के विदेशमंत्री विजेता हेराथ ने आज संसद को यह जानकारी दी। डेली मिरर समाचार पत्र की खबर के अनुसार विपक्षी सदस्य एस श्रीधरन के एक प्रश्न के उत्तर में हेराथ ने कहा कि रूस की सेना में भर्ती श्रीलंका के 554 नागरिकों में से 59 की मौत 20 जनवरी तक हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि इस युद्ध में रूस और यूक्रेन के हजारों सैनिक मारे गए हैं। मॉस्को अपनी सेना में श्रीलंका ही नहीं, भारत और नेपाल के लोगों को भर्ती कर चुका है।

## लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमला

**बेरूत।** इजराइल की वायुसेना ने लेबनान में हिजबुल्लाह के दो सामरिक ठिकानों पर हमलाकर नष्ट कर दिया। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के एक्स हैंडल पर उपलब्ध विवरण के अनुसार, हिजबुल्लाह के लगातार संघर्ष विराम का उल्लंघन करने पर यह हमला किया गया। इजराइल किसी भी कीमत पर हिजबुल्लाह के लड़ाकों को दोबारा सिर उठाने का मौका नहीं देगा। अरबी न्यूज एजेंसी '963+' के अनुसार इजराइल के लड़ाकू विमानों ने गुरुवार शाम लेबनान और सीरिया को अलग करने वाली पूर्वी पर्वत श्रृंखला को निशाना बनाकर हवाई हमले किए।

## बांग्लादेश में बीएनपी नेता को गोली मारी



**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेता मामुन हुसैन की आज तड़के नारायणगंज सदर उपजिला के फतुल्लाह में अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी। 42 वर्षीय मामुन हुसैन को पुरबललपुर रेलवे लाइन के पास निशाना बनाया गया। वह ईंट और रेत का कारोबार करते थे। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, बीएनपी के स्वैच्छिक दल के संयुक्त संयोजक मामुन हुसैन को उनकी कारोबारी फर्म मां-बाबर आशीर्वाद ट्रेडर्स के सामने गोली मारी गई। उनके बड़े भाई अमजद हुसैन ने इसकी पुष्टि की।

भारी बारिश



इंडोनेशिया के सेंट्रल जावा के कुदुस रीजेंसी के जोजो गांव में भारी बारिश के बाद बाढ़ के पानी से गुजरते लोग। हाल ही में इंडोनेशिया के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश हुई है, जो दक्षिणी इंडोनेशियाई जल में दो सक्रिय उष्णकटिबंधीय चक्रवातों के कारण हुई है।

### सरकार ने बनाया कानून

# ब्राजील के स्कूलों में स्मार्टफोन इस्तेमाल करने पर रोक

एजेंसी, रियो डी जेनेरियो

ब्राजील के स्कूलों में अब बच्चे स्मार्टफोन का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। सरकार ने नया कानून बनाकर स्कूलों में स्मार्टफोन इस्तेमाल करने पर प्रतिबंध लगा दिया। राष्ट्रपति लुइज लुला डी सिल्वा ने जनवरी में इस कानून पर हस्ताक्षर कर दिए थे। इससे पहले अमेरिका और यूरोपीय देशों के स्कूलों में भी स्मार्टफोन पर प्रतिबंध है। ब्राजील के कानून के मुताबिक निजी और सरकारी स्कूलों दोनों में यह प्रतिबंध रहेगा और बच्चे कक्षाओं और स्कूल सभागारों में मोबाइल फोन का इस्तेमाल प्रतिबंधित रहेगा।

**कानून में कुछ छूट भी दी गई हैं:** हालांकि शैक्षिक उद्देश्यों के लिए, शिक्षक की अनुमति से या स्वास्थ्य संबंधी स्थिति में फोन का उपयोग किया जा सकता है। कानून में



स्कूलों को खुद के दिशा-निर्देश निर्धारित करने की भी छूट दी गई है, जिसके तहत स्कूल छात्रों को फोन को बैकपैक में रखने, लॉकर में रखने या तय जगह पर रखने की अनुमति दे सकेंगे। ब्राजील की संघीय सरकार द्वारा कानून बनाने से पहले ब्राजील के 26 राज्यों में पहले से ही स्कूलों में स्मार्टफोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध के कुछ न कुछ प्रावधान हैं। सरकार से फोन पर प्रतिबंध लगाने से पहले हुए एक सर्वे में ब्राजील के तीन चौथाई लोगों ने माना कि स्मार्टफोन के इस्तेमाल से उनके बच्चों को फायदों के बजाय नुकसान ज्यादा हुए हैं।

### सामाजिक अलगाव भी प्रतिबंध की बड़ी वजह

शिक्षकों का कहना है कि फोन के इस्तेमाल से छात्रों को ध्यान केंद्रित करने में परेशानी हो रही है। साथ ही सामाजिक अलगाव भी एक बड़ा मुद्दा है। जो छात्र तकनीक का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं, वे स्कूल में ब्रेक के दौरान खुद को अलग-थलग कर लेते हैं और सोशल मीडिया के जरिए ही लोगों से जुड़ते हैं। ये भी एक वजह रही कि ब्राजील की सरकार ने स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया। ब्राज़ील के शिक्षा मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि प्रतिबंध का उद्देश्य छात्रों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य की रक्षा करना है, साथ ही तकनीक के ज़्यादा तर्कसंगत इस्तेमाल को बढ़ावा देना है। मई में, एक प्रमुख थिंक-टैंक फंडाकाओ गेटुलियो वर्गास ने कहा था कि ब्राज़ील में लोगों की तुलना में ज़्यादा स्मार्टफ़ोन हैं।

### थम नहीं रहा प्रदर्शनकारियों का गुस्सा

# बांग्लादेश में आवामी लीग के नेताओं के घरों में लगाई आग, तोड़फोड़ की

एजेंसी, ढाका

बांग्लादेश में पूर्व पीएम शेख हसीना के ऑनलाइन संबोधन के बाद भड़का गुस्सा थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को प्रदर्शनकारियों ने शेख हसीना की आवामी लीग के नेताओं के घर पर तोड़फोड़ की और आग लगा दी। इसके अलावा तमाम जिलों में शेख मुजीबुर्रहमान के चित्रों को तोड़ दिया और कई जगह उसके चेहरे बिगाड़ दिए गए। शुक्रवार को प्रदर्शनकारियों ने ढाका के बनानी में आवामी लीग के सदस्य शेख सलीम के घर में आग लगा दी। दोपहर 1:30 बजे आग लगाए जाने के बाद दमकल पहुंचने में देरी हुई है। 2:45 बजे तक दमकल मौके पर पहुंच नहीं सकी। वहीं प्रदर्शनकारियों ने आवामी लीग के महासचिव और पूर्व सड़क, परिवहन और पुल मंत्री ओबैदुल कादर के नोआखली के कंपनीगंज में घर पर हमला किया। प्रदर्शनकारियों ने यहां तोड़फोड़ की और आग लगा दी। बोरा राजापुर मोहल्ला क्षेत्र में पूर्व मंत्री कादर के छोटे भाई अब्दुल कादर मिर्जा, कंपनीगंज आवामी लीग के अध्यक्ष और बासुरहाट नगरपालिका के पूर्व मेयर शहादत मिर्जा के दो मंजिला भवन में भी तोड़फोड़ की। घर के सामने खड़ी एक कार को भी आग लगा दी गई।

**पूर्व राज्यमंत्री के घर में भी लगाई आग:** गुस्साए प्रदर्शनकारी यहां ही नहीं रुके।



उन्होंने राजशाही इलाके के बाघा उपजिला के चकसिंगा मोहल्ला में विदेश मामलों के पूर्व राज्य मंत्री शहरयार आलम के तीन मंजिला घर में आग लगा दी। लोगों ने बताया कि बाइकों से करीब 100 से अधिक लोग वहां आए और घर में आग लगा दी। प्रदर्शनकारियों ने शालगरिया गांव में नेता अबू सईद के घर पर भी हमला किया और उसे आग लगा दी। वहीं कमिला में प्रदर्शनकारियों ने शहर में शेख मुजीब के दो चित्रों को ध्वस्त कर दिया। यहां स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन की क्यूमिला सिटी इकाई के सचिव रशीदुल हक ने कहा कि हम फासीवाद के सभी चिह्नों को नष्ट कर देंगे नारायणगंज में बीएनपी समर्थक वकीलों ने कोर्ट परिसर और डिप्टी कमिश्नर और पुलिस अधीक्षक के कार्यालयों में शेख मुजीब की भित्तिचित्रों और एक प्रतिमा को ध्वस्त कर दिया। नरसिंगडी में प्रदर्शनकारियों ने जिला और सत्र न्यायाधीश न्यायालय परिसर में शेख मुजीब के एक चित्र को क्षतिग्रस्त कर दिया। बागेरहाट में, मुक्तिजोधा कॉम्प्लेक्स, पार्क, शहर के शहीद मीनार इलाके और मोंगला उपजिला परिषद कॉम्प्लेक्स, मोंगला चिल्ड्रन पार्क और मुक्तिजोधा भवन में भी शेख मुजीब के चित्रों को खराब कर दिया गया। बरिशाल प्रेस क्लब में शेख मुजीब के एक चित्र को भी ध्वस्त कर दिया।

### बर्बरता और आगजनी का किया जाएगा विरोध

तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाओं को लेकर अंतरिम सरकार ने कहा कि देश भर में बर्बरता और आगजनी की घटनाओं का विरोध किया जाएगा। हम देख रहे हैं कि कुछ व्यक्ति और समूह देश भर में विभिन्न संस्थानों और प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ और आगजनी का प्रयास कर रहे हैं। सरकार ऐसी गतिविधियों का दृढ़ता से विरोध करेगी। हम नागरिकों और उनकी संपत्ति की सुरक्षा करने के लिए तैयार है। सरकार ने कहा कि अगर उकसावे वाली कार्रवाइयों के जरिये देश को अस्थिर करने का कोई प्रयास किया जाता है, तो कानून प्रवर्तन एजेंसियां जिम्मेदार व्यक्तियों और समूहों के खिलाफ तत्काल और सख्त कदम उठाएंगी और दोषियों को न्याय के दायरे में लाएंगी।

### खबरे में पड़ सकती है स्थिरता: बीएनपी

पूर्व पीएम हसीना की मुख्य राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने कहा कि अगर अंतरिम सरकार उभरती चुनौतियों को नियंत्रित करने में फेल रहती है तो स्थिरता खतरे में पड़ सकती है। पार्टी के वरिष्ठ संयुक्त महासचिव रूहुल कबीर रिजवी ने कहा कि मौजूदा स्थिति घरेलू और विदेशी, चरमपंथी, अराजकतावादी और अलोकतांत्रिक ताकतों के साथ-साथ पराजित फासीवादियों के पुनरुत्थान का कारण बन सकती है।

### संयुक्त राष्ट्र ने बुलाया आपातकालीन सत्र

# कांगो हिंसा में अब तक 3000 लोगों की मौत



एजेंसी, जिनेवा

कांगो के पूर्वी हिस्से में बढ़ती हिंसा लोगों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। जहां हाल ही में रवांडा समर्थित विद्रोहियों ने एक प्रमुख शहर पर कब्जा कर लिया है, जिससे जनवरी के अंत से अब तक लगभग 3,000 लोग मारे गए और लगभग उतने ही लोग घायल हुए हैं। लगातार बढ़ती हिंसी को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र का शीर्ष मानवाधिकार निकाय ने शुक्रवार को आपातकालीन सत्र बुलाया। आपातकालीन सत्र के दौरान कांगो की सरकार ने 47 देशों के समर्थन से मानवाधिकार परिषद से रवांडा और एस23 विद्रोहियों को मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए जिम्मेदार ठहराने और क्षेत्र में मानवाधिकार हनन की जांच करने के लिए एक तथ्य-खोज मिशन बनाने का आग्रह किया।

### गुटेरेस ने मध्यस्थता पर दिया जोर

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने विद्रोहियों से अपनी बंदूकें रखने और मध्यस्थता के लिए सहमत होने का आह्वान किया। मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर तुर्क ने कहा कि हिंसा में लगातार वृद्धि के कारण कांगो में हालात बहुत गंभीर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही कुछ नहीं किया गया, तो यह संकट कांगो के पूर्वी हिस्से के निवासियों के लिए और बढ़ सकता है, और इस क्षेत्र में खनिजों की विशाल संपत्ति को लेकर और भी तनाव हो सकता है। साथ ही तुर्क ने यह भी कहा कि कांगो के लोग दशकों से अत्याचारों का सामना कर रहे हैं और अब अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को इस संकट को हल करने के लिए कदम उठाने की जरूरत है। रवांडा के राजदूत जेम्स नगांगो ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 1994 के नरसंहार में शामिल सशस्त्र समूहों के सदस्य कांगो में छिपे हुए हैं और अब कांगो के लिए एक अस्तित्वगत खतरा पैदा कर रहे हैं।

### घटनास्थल से चार शव निकाले गए

# दक्षिणी फिलीपींस में अमेरिकी सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त, 4 की मौत

एजेंसी, फिलीपींस

फिलीपींस में गुरुवार को एक दुखद घटना घटित हुई, जब एक अमेरिकी सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें तीन रक्षा ठेकेदारों की मौत हो गई। यह हादसा दक्षिणी फिलीपींस के मागुइंडानाओ डेल सुर प्रांत के अम्पाटुआन शहर में हुआ। फिलीपीन के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने इस घटना की पुष्टि की और बताया कि विमान एक नियमित मिशन पर था, जो फिलीपीनी सरकार के अनुरोध पर खुफिया जानकारी, निगरानी और टोही सहायता प्रदान कर रहा था। अमेरिकी इंडो-पैसिफिक कमांड ने जानकारी दी कि विमान दुर्घटनाग्रस्त होने के समय एक महत्वपूर्ण सैन्य मिशन पर था, हालांकि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल, दुर्घटनाग्रस्त विमान में सवार



चालक दल के नाम सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। घटनास्थल से चार शव निकाले गए हैं, जिनमें तीन रक्षा ठेकेदारों के शव शामिल हैं। सुरक्षा अधिकारी अमीर जेहाद टिम अंबोलोद्टो ने कहा कि विमान के मलबे से शवों को बाहर निकाला गया है, और यह भी बताया कि दुर्घटना में किसी अन्य व्यक्ति के घायल होने की कोई सूचना नहीं है।

## अलास्का में 10 लोगों को ले जा रहा एक विमान लापता

**वाशिंगटन।** अमेरिका में आठ दिनों में तीसरे बड़े विमान हादसे की आशंका जताई जा रही है। बता दें कि, आर्कटिक सर्कल के दक्षिण में अलास्का के नॉर्दन साउंड में 10 लोगों को ले जा रहा एक विमान गुरुवार दोपहर लापता हो गया है। जिसकी खोज में बचाव दल विमान के किसी भी संकेत की तलाश रात भर करते रहे। बेरिंग एयर कारवां नौ यात्रियों और एक पायलट के साथ उनालाकलीट से नोम जा रहा था। उनालाकलीट पश्चिमी अलास्का में लगभग 690 लोगों का एक समुदाय है, जो नोम से लगभग 150 मील (लगभग 240 किलोमीटर) दक्षिण-पूर्व और एंकोरेज से 395 मील (लगभग 640 किलोमीटर) उत्तर-पश्चिम में मौजूद है।

### बिक्री गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज की गई

# भारतीय गाय ने ब्राजील में तोड़े दुनिया के सारे रिकॉर्ड, 40 करोड़ रुपये में बिकी

एजेंसी, ब्राजील

हाल ही में ब्राजील के मिनास गेरैस में एक ऐतिहासिक घटना घटी, जब भारतीय नेल्लोर नस्ल की गाय वियाटिना-19 ने 40 करोड़ रुपये में बिककर एक नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया। यह बिक्री गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज की गई और इसे अब तक किसी भी गाय के लिए की गई सबसे महंगी बोली माना जा रहा है। वियाटिना-19 गाय अपने असाधारण जीन, शारीरिक सुंदरता और आकार के लिए प्रसिद्ध है। इस गाय का वजन 1101 किलो है, जो इसे अपनी नस्ल की अन्य गायों से लगभग दोगुना भारी



बनाता है। वियाटिना-19 का अद्वितीय आकार और आकर्षक रूप उसे ब्राजील में मिस साउथ अमेरिका के खिताब तक पहुंचा चुका है, जिसके बाद यह गाय वैश्विक स्तर पर मशहूर हो गई। यह गाय अपनी सुंदरता और आकार के कारण पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बन गई।

नेल्लोर नस्ल की गायों की सबसे बड़ी पहचान उनके असाधारण जीन में है। इन गायों की संतानों को उच्च गुणवत्ता वाली नस्ल के रूप में पालन किया जा रहा है, ताकि बेहतर उत्पादन और गुणवत्ता प्राप्त की जा सके। इस नस्ल की गायें विशेष रूप से भारत के आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्यों में पाई जाती हैं, लेकिन अब इनकी मांग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बढ़ चुकी है।

नेल्लोर गायों की प्रमुख विशेषता यह है कि ये कठिन और गर्म परिस्थितियों में भी सहजता से जीवित रह सकती हैं। इनकी इम्यूनिटी बहुत मजबूत होती है, जिससे ये बीमारियों से लड़ने में सक्षम रहती हैं। इन गायों की अन्य विशेषताओं में यह भी है कि ये कम देखभाल में भी जीवित रह सकती हैं।

खुश खबर — अमेरिका में रह रहे भारतीयों को आज बड़ी राहत


# जन्मजात नागरिकता रोकने के ट्रंप के आदेश पर रोक

एजेंसी, वाशिंगटन

अमेरिका में रह रहे भारतीयों को आज बड़ी राहत मिली है। वीजा पर रहने वाले और ग्रीन कार्ड का इंतजार कर रहे भारतीय छात्रों और पेशेवरों को अमेरिका छोड़ने का डर अब खत्म हो जाएगा। सिएटल के एक न्यायालय ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस आदेश पर अनिश्चित काल के लिए रोक दी है, जिसमें जन्मजात नागरिकता को समाप्त करने का आदेश जारी किया गया था।

न्यायाधीश ने कहा कि यदि सरकार जन्मजात नागरिकता के कानून को बदलना चाहती है तो उसे संविधान में ही संशोधन करने की आवश्यकता है। इससे पहले मैरीलैंड के एक जज ने भी ऐसा ही फैसला सुनाया था। ट्रंप सरकार के आदेश की आलोचना करते हुए, सिएटल कोर्ट ने कहा कि ट्रंप संविधान के साथ "नीतिगत खेल" खेलने के लिए कानूनी राज को दरकिनार करने की कोशिश कर रहे हैं।

### ट्रंप को दूसरा बड़ा झटका



अमेरिका के जिला न्यायाधीश जॉन कफनौर का ये प्रारंभिक रोक जजमेंट अमेरिकी कानून को बदलने के साथ ट्रंप की व्यापक निर्वासन कार्रवाई को दूसरा बड़ा कानूनी झटका है। इससे पहले मैरीलैंड के एक जज ने भी ऐसा ही फैसला सुनाया था।

**जज बोले- संविधान में करना होगा संशोधन:** जज ने आगे कहा कि इस न्यायालय में और मेरी निगरानी में कानून का शासन बना रहेगा, चाहे कोई कुछ भी हो। जज ने आगे कहा कि संविधान ऐसी चीज नहीं है जिसके साथ सरकार नीतिगत खेल खेल सके। यदि सरकार जन्मजात नागरिकता के कानून को बदलना चाहती है, तो उसे संविधान में ही संशोधन करने की आवश्यकता है। सीएनएन की एक रिपोर्ट के अनुसार, सिएटल में गुरुवार को एक सुनवाई के दौरान न्यायाधीश कफनौर ने सख्त लहजे में कहा कि यह स्पष्ट हो गया है कि हमारे राष्ट्रपति के लिए कानून का शासन उनके नीतिगत लक्ष्यों के लिए एक बाधा मात्र है। उनके अनुसार, कानून का शासन कुछ ऐसा है जिसे दरकिनार किया जा सकता है या बस अनदेखा किया जा सकता है, चाहे वह राजनीतिक या व्यक्तिगत लाभ के लिए हो।

### यह था ट्रंप का आदेश

20 जनवरी को दूसरी बार कार्यभार संभालने के तुरंत बाद ट्रंप ने अमेरिका में जन्मजात नागरिकता को समाप्त करने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। यह आदेश अमेरिकी धरती पर जन्मे उन बच्चों को अमेरिकी नागरिकता देने से इनकार करता है, जिनके माता-पिता अमेरिका के स्थायी निवासी नहीं हैं। इस आदेश ने अमेरिका में भारतीय समुदाय के बीच चिंता पैदा कर दी, खासकर एच-1बी (कार्य वीजा), एल (इंट्रा-कंपनी ट्रांसफर), एच-4 (आश्रित वीजा) और एफ (छात्र वीजा) जैसे अस्थायी वीजा पर रहने वालों के। ट्रंप के आदेश के अनुसार, अस्थायी वीजा पर माता-पिता से पैदा हुए बच्चों को नागरिकता नहीं मिलेगी, जब तक कि उनमें से एक माता-पिता अमेरिकी नागरिक या ग्रीन कार्ड धारक न हो।

## ट्रंप ने अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय पर लगाया प्रतिबंध, इजराइल के खिलाफ कार्रवाई से नाराज

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय पर प्रतिबंध लगाने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। ट्रंप प्रशासन ने इजराइल और इजराइली पीएम को निशाना बनाकर की गई कार्रवाई के विरोध में यह प्रतिबंध लगाया है। आदेश में कहा गया है कि हेग स्थित अदालत ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करके अपनी शक्ति का दुरुपयोग किया। ट्रंप द्वारा हस्ताक्षरित कार्यकारी आदेश में ये भी कहा गया है कि न्यायाधिकरण ने अमेरिका और इसके करीबी सहयोगी इजराइल को निशाना बनाकर अवैध और निराधार कार्रवाई की है। आदेश में आईसीसी द्वारा अफगानिस्तान में अमेरिकी सेवा सदस्यों, गाजा में इजराइली सैनिकों द्वारा किए गए कथित अपराधों की जांच करने पर भी नाराजगी जाहिर की है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय के अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के साथ-साथ न्यायालय की जांच में मदद करने वाले लोगों की भी संपत्ति जब्त करने और यात्रा प्रतिबंध लगाने का भी आदेश दिया। डोनाल्ड ट्रंप ने अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय पर प्रतिबंध के आदेश पर ऐसे समय हस्ताक्षर किए हैं, जब मंगलवार को ही ट्रंप ने इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से व्हाइट हाउस में मुलाकात की थी।

संपादकीय

# एमवीए के आरोप

**महविकास** अघाड़ी के नेताओं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की सांसद सुप्रिया सुले और शिवसेना (उद्धव बालासाहब ठाकरे) के सांसद संजय राउत ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस करके महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में गड़बड़ी के आरोप लगे हैं। अभी तक ईवीएम पर ही सवाल उठते रहे हैं, लेकिन इस बार सीधे-सीधे वोट बढ़ाने का आरोप चुनाव आयोग पर लगाया गया है। महाविकास अघाड़ी ने जिस तरह के गंभीर आरोप लगाए हैं, वे चौंकाने वाले हैं। अगर आरोप सही हैं तो इसका मतलब यह है कि लोकतंत्र का हरण कर लिया गया है। राहुल गांधी महाराष्ट्र के लोकसभा और विधानसभा के मतदाताओं के नाम और पते वाली मतदाता सूची चुनाव आयोग से मांगी है। वोट बढ़ा देने और वोट काट देने की बात राहुल गांधी लोकसभा में भी कह चुके हैं। राहुल गांधी के अनुसार हटाए गए मतदाता दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक समुदायों से हैं। सबसे गंभीर आरोप यह है कि महाराष्ट्र में विधानसभा 2019 और लोकसभा 2024 के बीच पांच साल में 32 लाख नए मतदाता जोड़े गए। लोकसभा 2024 और विधानसभा 2024 के बीच 5 महीने में 39 लाख नए मतदाता जोड़े गए। यह संख्या हिमाचल प्रदेश के कुल मतदाताओं के बराबर है। यह गंभीर आरोप है। क्या चुनाव आयोग इसका सही-सही जवाब दे पाएगा? महाविकास अघाड़ी ने चुनाव आयोग से इतने सवाल कर लिए हैं, इतना कुछ मांग लिया है कि वह शायद ही वह दे पाए। हालांकि चुनाव आयोग ने कहा कि इसका लिखित जवाब दिया जाएगा। इससे पहले शायद ही कभी विपक्ष के सवालों का सही जवाब दिया हो या वह सब दिया हो, जो विपक्ष के नेताओं ने मांगा हो। इस बार भी क्या चुनाव आयुक्त शेरो शायरी करके मुद्दे का रफा दफा कर देंगे? दो दिन पहले सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव मिल्कीपुर उपचुनाव में हुई गड़बड़ी पर कह चुके हैं कि चुनाव आयोग मर गया है। उस पर सफेद कपड़ा डालने की जरूरत है। सवाल यह है कि चुनाव आयोग पर हर चुनाव के बाद उस पर सवाल क्यों उठते हैं? लोकसभा और विधानसभा के बीच महाराष्ट्र में 39 लाख वोट बढ़ जाना और उन निर्वाचन क्षेत्रों में बढ़ जाना जो भाजपा के माने जाते हैं, बहुत गंभीर बात है। क्या हर चुनाव में यह खेल किया जाता है? क्या हरियाणा में भी यही किया गया? क्या दिल्ली चुनाव में आम आदमी पार्टी ने जो आरोप लगाए हैं, वे सही हैं?

**महाविकास अघाड़ी ने चुनाव आयोग से इतने सवाल कर लिए हैं, इतना कुछ मांग लिया है कि वह शायद ही वह दे पाए। हालांकि चुनाव आयोग ने कहा कि जवाब दिया जाएगा।**

पाठकवाणी

## एआई में भारत की शक्ति

**भारत** में एआई के भविष्य को लेकर ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन की हालिया टिप्पणियों ने देश की अपार संभावनाओं को उजागर किया है। जिन्होंने पहले भारत को 'होपलेस' कहा था, वही ऑल्टमैन अब भारत को एआई क्षेत्र में अगला वैश्विक नेता मानते हैं। यह बदलाव भारत के डिजिटल लैंडस्केप में आए बदलावों और उपलब्धियों को दर्शाता है। भारत, जो फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 45 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ताओं के साथ एक विशाल डिजिटल बाजार है, अब एआई में भी अपनी खास पहचान बनाने को तैयार है। एआई तकनीक के तेजी से विकास ने भारत को अमेरिका के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एआई बाजार बनने की ओर अग्रसर किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार की दूरदर्शी नीतियां, जैसे डिजिटल इंडिया और मेक इन इंडिया, ने भारत को डिजिटल क्रांति का अग्रदूत बना दिया है। ये पहल न केवल तकनीकी ढांचे को मजबूत कर रही हैं, बल्कि युवाओं को नवाचार के लिए प्रेरित भी कर रही हैं। ऑल्टमैन ने भारतीय प्रतिभा, नवाचार और कीमतों के प्रति संवेदनशीलता की सराहना की। हालांकि, चीन के सस्ते एआई समाधानों और डेटा सुरक्षा की चिंता जैसी चुनौतियां भारत के सामने हैं। इनसे निपटने के लिए सख्त नीतियां और प्रभावी निगरानी प्रणाली जरूरी है।

**-प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**, बड़वानी (मप्र)

कुछ खास



कई बार एग्जिट पोल के अनुमान ठीक नहीं निकलते हैं। जो जानकारी लेता है, वो सही मायने में सही नहीं होती। जो मतदान हुआ है, उसकी आज जानकारी मिल जाएगी। सारी सच्चाई सामने आ जाएगी कि दिल्ली में किसकी सरकार बनने जा रही है?

**-अखिलेश यादव**, सपा अध्यक्ष

आज का ट्वीट



''तीस साल से आ बुक फेयर रहा हूं, हर बार कुछ नया ढूंढता हूं। इस बार नजरें ठहरीं कविताओं, इतिहास और उन भाषाओं की किताबों पर, जो आमतौर पर दिखती नहीं।''

**-योगेंद्र यादव**

# बुजुर्गों के स्वास्थ्य की चिंता जरूरी

सामयिक



**शाहीन सबा**

हाल ही में सऊदी अरब के रियाद में ग्लोबल हेल्थ स्पैन शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था, जिसमें स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर वक्ताओं ने खुलकर चर्चा की। सम्मेलन में सबसे अहम बात बुजुर्गों के स्वास्थ्य की चिंता के रूप में उभरकर सामने आई। सम्मेलन में करीब दो हजार से अधिक वैज्ञानिक, उद्यमी, नीति निमार्ता और विचारक एकत्रित हुए। उन्होंने बुजुर्ग होते समाज के भविष्य के समक्ष आने वाले महत्वपूर्ण प्रश्नों पर गहनता से चर्चा की। उनका कहना है कि दुनिया में स्वस्थ वृद्धावस्था के अप्रयुक्त अवसरों के साथ-साथ उभरते हस्तक्षेप, प्रौद्योगिकी, नीतिगत परिवर्तन और भविष्य के लिए आवश्यक निवेश पर खुलकर चर्चा की जानी चाहिए। सम्मेलन में यह बात भी सामने आई कि आज वैश्विक औसत जीवन प्रत्याशा 73.4 वर्ष है, जिसके बढ़कर सौ साल होने की उम्मीद की जा सकती है।

वक्ताओं ने कहा कि जीवन प्रत्याशा में उल्लेखनीय वृद्धि के बावजूद हमारे जीवन के अंतिम वर्ष अक्सर दीर्घकालिक बीमारी में गुजर रहे हैं। उम्र बढ़ने के साथ कई पूर्वाग्रह और बुढ़ापे को सामाजिक और आर्थिक बोझ के रूप में पेश करने की कहानी सामने आ रही है। कोलंबिया विश्वविद्यालय में प्रोफेसर जॉन आर. बियर्ड ने कहा कि कामकाजी उम्र की आबादी में वृद्ध आश्रितों की संख्या का अनुपात नकारात्मक धारणाओं को मजबूत करता है और समाज में वृद्ध वयस्कों के सार्थक योगदान को नजरअंदाज करता है। अमेरिका और यूरोप में वृद्ध वयस्क भुगतान किए गए काम, स्वयं सेवा और देखभाल के माध्यम से सकल घरेलू उत्पाद का अनुमानित सात फीसदी योगदान करते हैं। उन्होंने कहा कि वृद्ध आबादी आर्थिक स्थिरता और नवाचार के लिए भी एक अप्रयुक्त शक्ति हो सकती है। अमेरिका में 50 से अधिक उम्र के उद्यमियों की संख्या साल 2007 के मुकाबले साल 2024 में दोगुनी हो गई है।



**वृद्ध होती आबादी की ओर वैश्विक बदलाव का स्वास्थ्य प्रणालियों पर गहरा प्रभाव पड़ता है, जिसमें श्रम और वित्तीय बाजार शामिल हैं। वृद्धावस्था विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रगति एक ऐसे भविष्य की ओर इशारा करती है, जहां 100 से अधिक उम्र तक जीना सामान्य बात हो जाएगी।**

विशेषज्ञों का कहना है कि विकसित देशों में स्वास्थ्य सेवा की लागत का बड़ा हिस्सा उम्र बढ़ने और उम्र से संबंधित बीमारियों से प्रेरित है। फिर भी उम्र बढ़ने और स्वास्थ्य अवधि विज्ञान को बहुत कम धन उपलब्ध है। अमेरिका अल्जाइमर रोग के इलाज पर सालाना लगभग 305 बिलियन डॉलर खर्च करता है। यह आंकड़ा 2050 तक 1.1 ट्रिलियन डॉलर से अधिक होने की उम्मीद है। यूएस रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र का अनुमान है कि हृदय रोग और स्ट्रोक के कारण देश को स्वास्थ्य सेवा व्यय और उत्पादकता हानि के रूप में प्रतिवर्ष 363 बिलियन डॉलर का नुकसान होता है। मधुमेह के कारण अनुमानित वार्षिक स्वास्थ्य और आर्थिक बोझ 327 बिलियन डॉलर है, जबकि गठिया और संबंधित बीमारियों के कारण होने वाला खर्च 303 बिलियन डॉलर से अधिक है। वहीं देश वृद्धावस्था के लक्षणों के उपचार पर अरबों डॉलर खर्च करता है। अमेरिकी राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान के वार्षिक अनुसंधान बजट का एक प्रतिशत से भी कम या 337 मिलियन डॉलर वृद्धावस्था के जीव विज्ञान को समझने में खर्च होता है।

यूएस नेशनल काउंसिल ऑन एजिंग के अनुसार, 65 वर्ष या उससे अधिक आयु के 80 प्रतिशत से अधिक वयस्क दो या अधिक दीर्घकालिक बीमारियों से ग्रस्त हैं। उसका कहना है कि वृद्धावस्था में स्वास्थ्य में गिरावट को रोका जा सकता है। हालांकि बीमारी की शुरुआत से पहले स्वास्थ्य को अनुकूलित करने की स्पष्ट अनिवार्यता और अवसर के बावजूद ओईसीडी देशों में रोकथाम पर खर्च कुल स्वास्थ्य व्यय का तीन प्रतिशत से भी कम है। एक स्वस्थ भविष्य बनाने के लिए स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों में विस्तार करने की आवश्यकता है। हमें सिद्ध जीवन शैली अपनानी होगी, जिसमें नियमित व्यायाम, स्वस्थ आहार, धूम्रपान बंद करना और सामाजिक संबंध शामिल हैं। शोध कहते हैं कि सऊदी अरब और व्यापक मध्य-पूर्व क्षेत्र निवारक चिकित्सा की ओर बदलाव को समझने के लिए अद्वितीय स्थिति में हैं। क्षेत्र की तेजी से बढ़ती आबादी का लगभग 60 प्रतिशत 30 वर्ष से कम आयु का है, इसलिए पुरानी बीमारी को रोकने तथा स्वस्थ उम्र बढ़ने का समर्थन करने के लिए आज के प्रयास दूरगामी लाभ देंगे।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ एंड्रिया ब्रिटा कहती हैं कि हम जिस वातावरण में रहते और काम करते हैं, वह भी हमारी उम्र बढ़ने के साथ हमारे स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन शैली का समर्थन करने के लिए शहरों और समुदायों के डिजाइन से परे अक्सर अनदेखी किए जाने वाले तत्व जैसे कि प्रकाश और शोर का जोखिम भी हमारे जीव विज्ञान और उम्र को प्रभावित करते हैं। स्वास्थ्य सेवा से जुड़े 70 फीसदी मुद्दे क्षेत्र के बाहर ही सुलझाए जाते हैं। उन्होंने जनसंख्या स्वास्थ्य को आकार देने में बहुक्षेत्रीय कार्रवाई और जवाबदेही की आवश्यकता पर जोर दिया। सऊदी अरब के लोगों की जीवन प्रत्याशा को 2020 में 76 से बढ़ाकर 2030 तक 80 वर्ष करने के लक्ष्य पर विचार करते हुए सऊदी अरब ने कहा कि स्वास्थ्य पहले या सभी नीतियों में स्वास्थ्य दृष्टिकोण के माध्यम से सभी क्षेत्रों को शामिल करना यह सुनिश्चित करना है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य हस्तक्षेप लागू करने योग्य और टिकाऊ हों।

एक्सपर्ट प्रोफेसर डेविड जेम्स कहते हैं कि हालांकि उम्र बढ़ना एक सार्वभौमिक प्रक्रिया है और कई पुरानी बीमारियों, स्थितियों और विकलांगता के लिए सबसे महत्वपूर्ण जोखिम कारक है। यह एक जटिल प्रक्रिया भी है, जिसमें कई आनुवंशिक, पर्यावरणीय और सामाजिक आर्थिक कारक योगदान करते हैं। जीरो साइंस जो कि उम्र बढ़ने के जीव विज्ञान पर केंद्रित विज्ञान है, एक विकसित क्षेत्र है। उम्र बढ़ने के जैविक तंत्र और निर्धारकों के बारे में कई अनिश्चितताएं हैं। स्वस्थ उम्र बढ़ने के निर्धारकों को जानना हमारी समझ को बढ़ाने और प्रौद्योगिकियों और चिकित्सा विज्ञान के विकास में तेजी लाने के लिए महत्वपूर्ण होगा, जो न केवल आयु संबंधी बीमारियों को बल्कि उम्र बढ़ने के मूल कारणों को भी लक्षित करते हैं।

असल में स्वास्थ्य अवधि और जीवन अवधि के बीच के अंतर को पाटने के लिए विज्ञान, निवेश, प्रौद्योगिकी और नीति के क्षेत्र में सहयोगात्मक प्रयासों की आवश्यकता है। वृद्ध होती आबादी की ओर वैश्विक बदलाव का स्वास्थ्य प्रणालियों पर गहरा प्रभाव पड़ता है, जिसमें श्रम और वित्तीय बाजार शामिल हैं। वृद्धावस्था विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रगति एक ऐसे भविष्य की ओर इशारा करती है, जहां 100 से अधिक उम्र तक जीना सामान्य बात हो जाएगी। वृद्ध होते समाजों की आवश्यकताओं को पूरा करने तथा वृद्धावस्था के प्रति विश्व के दृष्टिकोण में आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता है। स्वस्थ वृद्धावस्था को बढ़ावा देने वाले नीतिगत समायोजन, रोकथाम और निवेश को प्राथमिकता देने वाली स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियां तथा समस्त मानवता को लाभ पहुंचाने की क्षमता रखने वाली चिकित्सा प्रौद्योगिकियों के विकास में तेजी लाने के वैश्विक सहयोग के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे।

# केंद्रीय वित्तीय कैबिनेट ने नए आयकर अधिनियम 2025 (डायरेक्ट टैक्स कोड 2025) को मंजूरी दी


## नया आयकर अधिनियम 2025 संसद में पेश होगा-बिल वित्त पर बनी संसदीय स्थाई समिति के पास भेजने की संभावना

**नए बिल में संभावित कुछ ऐसे प्रावधान प्रस्तावित है जो कार्यकारी आदेशों के माध्यम से कटौती या छूट की सीमा और राशियों को बदलने की अनुमति देंगे- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**



**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**

**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के सभी देशों के विकास के साधन के रूप में प्राथमिकता वित्त को दी जाती है,तथा वित्त का ढांचा बजट के पहियों पर आत्मा के रूप में समाहित होता है, जो किसी भी देश के विकास की दिशा को निर्धारित करता है,उसे सशक्त बनाता है, क्योंकि देश के विकास की राह पर चलने के लिए रुपए/डॉलर की आवश्यकता होती है, जो बजट के माध्यम से तय किया जाता है कि किस क्षेत्र में कितना पैसा मिलेगा।अभी हमने 1 फरवरी 2025 को बजट के सभी प्रावधानों का बारीकी से अध्ययन करके देखें कि किस क्षेत्र को कितना एलोकेशन किया गया है।चूँकि बजट में माननीय वित्तमंत्री ने घोषणा की थी कि एक सप्ताह के भीतर एक नया आयकर अधिनियम 2025 लाया जाएगा, इसलिए ही आज दिनांक 7 फरवरी 2025 को देर रात्रि केंद्रीय वित्तीय कैबिनेट ने आयकर अधिनियम 2025 (डायरेक्ट टैक्स कोड 2025) को मंजूरी दी। इसे अब संभावित सोमवार को संसद के पटल पर रखा जाएगा व वित्त पर संसदीय स्थाई समिति के पास भेजने की प्रबल संभावना है,जिसमें नए बिल में संभावित कुछ ऐसे प्रावधान प्रस्तावित है जो कार्यकारी आदेशों के माध्यम से कटौती या छूट की सीमा और राशियों को बदलने की अनुमति देंगे,इसलिए आज हम मीडियम उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,वित्तीय कैबिनेट ने नए आयकर अधिनियम 2025 (डायरेक्ट टैक्स कोड 2025) को मंजूरी दी। साथियों बात अगर हम नए आयकर अधिनियम 2025 को लागू करने की करें तो,पीएम की अध्यक्षता वाली केंद्रीय वित्तीय कैबिनेट ने नए इनकम टैक्स बिल 2025 ( डायरेक्ट टैक्स कोड बिल 2025) को मंजूरी दे दी है। इस बिल को केंद्रीय कैबिनेट ने शुक्रवार देर रात मंजूरी दी है। मीडिया केमुताबिक यह बिल अब सोमवार को केंद्रीय वित्तमंत्री 9 फरवरी 2025 को लोकसभा में पेश करेंगी। लोकसभा में इस बिल को फिलहाल स्थायी समिति को भेजा जा सकता है। संसद से मंजूरी मिलने के बाद राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के साथ ही यह बिल छह दशक पुराने इनकम टैक्स कानून 1961 की जगह लेगा यानी नया इनकम टैक्स कानून बन जाएगा। वित्तमंत्री ने इस बिल के बारे में जानकारी देते हुए कहा था कि इसके पास होने से डायरेक्ट टैक्स कानून सरल बन जाएंगे। मौजूदा कानून के अस्पष्ट प्रावधान इसमें नहीं होंगे और इससे इनकम टैक्स से जुड़े मुकदमों की संख्या कम होगी अब संसद में होगा। बता दें कि संसद के मौजूदा बजट सत्र का पहला चरण 13 फरवरी को खत्म हो रहा है।सत्र 10 मार्च को फिर शुरू होगा और चार अप्रैल तक चलेगा।नया बिल इनकम टैक्स से जुड़े उन सभी संशोधनों और धाराओं से मुक्त होगा जो अब प्रासंगिक नहीं हैं। साथ ही भाषा ऐसी होगी कि लोग इसे टैक्स एक्सपर्ट की सहायता के बिना समझ सकें। इस बिल में प्रावधान और स्पष्टीकरण या कठिन वाक्य नहीं होंगे।




इससे मुकदमे बाजी कम करने में भी मदद मिलेगी और इस तरह विवादित टैक्स डिमांड में कमी आएगी। दरअसल, इनकम टैक्स लॉ लगभग 60 साल पहले 1961 में बनाया गया था और तब से समाज में, लोगों के पैसे कमाने के तरीके और कंपनियों के कारोबार करने के तरीके में बहुत सारे बदलाव हुए हैं। समय के साथ आयकर अधिनियम में संशोधन किए गए। देश के सामाजिक-आर्थिक ताने-बाने में तकनीकी प्रगति और बदलावों को देखते हुए, पुराने आयकर अधिनियम को पूरी तरह से बदलने की सख्त जरूरत है। नए बिल के लागू करने का मकसद भाषा और अनुपालन प्रक्रियाओं को सरल बनाना है। कहने का मतलब है कि नए कानून में इनकम टैक्स स्लैब में बदलाव की संभावना नहीं है, क्योंकि यह आमतौर पर वित्त अधिनियम के माध्यम से किया जाता है। बता दें कि साल 2010 में प्रत्यक्ष कर संहिता विधेयक,2010 संसद में पेश किया गया था। इसे जांच के लिए स्थायी समिति के पास भेजा गया था। हालांकि, 2014 में सरकार बदलने के कारण विधेयक निरस्त हो गया। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार (7 फरवरी, 2025) को नए इनकम टैक्स बिल को मंजूरी दे दी, यह बिल छह दशक पुराने आईटी अधिनियम की जगह लेगा। नया बिल इनकम टैक्स से जुड़े उन सभी संशोधनों और धाराओं से मुक्त होगा जो अब प्रासंगिक नहीं हैं। साथ ही भाषा ऐसी होगी कि लोग इसे टैक्स एक्सपर्ट की सहायता के बिना समझ सकें। इस बिल में प्रावधान और स्पष्टीकरण या कठिन वाक्य नहीं होंगे।इससेमुकदमेबाजी कम करने में भी मदद मिलेगी और इस तरह विवादित टैक्स डिमांड में कमी आएगी।

साथियों बात अगर हम विकसित भारत की ओर कदम बढ़ाने, अर्थव्यवस्था को गति देने, 7 फरवरी 2025 को आरबीआई द्वारा रेपो रेट में कमी करने की करें तो आरबीआई ने शुक्रवार को सुस्त पड़ रही अर्थव्यवस्था को गति देने के मकसद से लगभग पांच साल बाद प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 0.25 प्रतिशत घटाकर 6.25 प्रतिशत कर दिया। रेपो रेट घटने का मतलब है कि मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर मासिक किस्त (ईएमआई) में कमी आने की उम्मीद है।मार्च तिमाही के लिए स्थिर हैं ब्याज दरें मार्च तिमाही के लिए छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। बता दें कि सुकन्या समृद्धि योजना के तहत जमा पर 8.2 प्रतिशत की ब्याज दर है। तीन साल की सावधि जमा पर दर तीसरी तिमाही में दी जा रही 7.1 प्रतिशत पर है। इसके अलावा पीपीएफ और डाकघर बचत जमा योजनाओं की ब्याज दरें भी क्रमशः7.1 प्रतिशत और चार प्रतिशत पर बरकरार रखी गई हैं।वहीं, किसान विकास पत्र पर ब्याज दर 7.5 प्रतिशत जब राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी) पर ब्याज दर 7.7 प्रतिशत पर बरकरार है। मासिक आय योजना में निवेश पर 7.4 प्रतिशत ब्याज मिलता है।अगर पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) और सुकन्या समृद्धि जैसी छोटी बचत योजनाओं में निवेश करते हैं तो ये खबर आपको निराश कर सकती है। दरअसल, सरकार नए वित्त वर्ष यानी एफ वाय 26 की पहली तिमाही यानी अप्रैल से जून की अवधि के लिए छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दर कम कर सकती है। बता दें कि भारतीय रिजर्व बैंक(आरबीआई) ने रेपो रेट में कटौती की है। इसके बाद खपत को बढ़ावा देने के लिए वित्त मंत्रालय अगले वित्तीय वर्ष में छोटी बचत योजनाओं के लिए दरें कम करने पर विचार कर सकता है। बिजनेस स्टैंडर्ड की खबर में सरकारी सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी गई है।

साथियों बात अगर हम अर्थव्यवस्था को गति देने में भारत के बहुत बड़े उद्योग समूह द्वारा पुत्र की शादी को सिंपल रूप से कर 10 हजार करोड़ सरकार को दान देने की करें तो, एक उद्योग समूह के चेयरमैन के छोटे बेटे जीत और दिवा शाह परिणय सूत्र में बंध गए हैं।अरबपति उद्योगपति ने न केवल शादी को साधारण रखा बल्कि 10,हजार करोड़ रुपये का दान भी दिया। उनके दान का बड़ा हिस्सा हेल्थकेयर, एजुकेशन और स्किल डेवलपमेंट पर खर्च होने वाला है। समूह का ये प्रयास समाज के सभी वर्गों को किफायती विश्व स्तरीय अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों की सुविधा मुहैया कराने पर केंद्रित है। इसके अलावा किफायती शीर्ष स्तरीय के-12 स्कूलों और सुनिश्चित रोजगार क्षमता के साथ अपग्रेडेड ग्लोबल स्किल एकेडमी के नेटवर्क तक पहुंच का प्रयास किया जाएगा।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि केंद्रीय वित्तीय कैबिनेट ने नए आयकर अधिनियम 2025 (डायरेक्ट टैक्स कोड 2025) को मंजूरी दी।नया आयकर अधिनियम 2025 संसद में पेश होगा-बिल वित्त पर बनी संसदीय स्थाई समिति के पास भेजने की संभावना।नए बिल में संभावित कुछ ऐसे प्रावधान प्रस्तावित है जो कार्यकारी आदेशों के माध्यम से कटौती या छूट की सीमा और राशियों को बदलने की अनुमति देंगे।

**-संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**
**9284141425**

तीखी नजर

# नमस्कार सुख पाने का जुगाड़



पूरन सरमा

सलाम के लिए मियांजी को क्यों नाराज किया जाये, इसे शिरोधार्य करके मैं सबको नमस्कार करता रहा, लेकिन किसी ने आगे से चलकर मुझे नमस्कार नहीं किया। इसका मुझे रंज भी कम न था। दफ्तर में कोई पोजीशन नहीं होने से वैसे ही कोई नमस्कार नहीं करता था, रही कॉलोनी की बात तो विपन्नता ने मुझे कहीं का नहीं छोड़ा। अच्छा आदमी होने के कारण नमस्कार करना आजकल वैसे ही जरूरी नहीं रह गया है। एक दिन पत्नी ने भी कुरेदा-'आप कब तक सबसे नमस्कार करते रहेंगे? क्या हमें नमस्कार करने वाला अभी तक पैदा ही नहीं हुआ?' मैंने कहा-'तुम ठीक कहती हो ऐसा हमारा नसीब कहां, जो कोई हमें आकर नमस्कार करे। लेकिन हमें ऐसा कुछ करना ही होगा कि दस-बीस लोग हमें भी जब कभी मिलें तो नमस्कार करे। लेकिन हालात इतने विपरीत हैं कि नमस्कार करने वालों की जमात बनाना फिलहाल मुश्किल है।'

पत्नी बोली-'चमत्कार को नमस्कार है। हमारी माली हालत पतली होने से हम किसी प्रकार का चमत्कार भी नहीं कर सकते। वरना परचूनी वाले से नकद सामान उठाकर तथा मौहल्ले में कुछ दबे हुओं को उधार देकर हम नमस्कार के लिए बाध्य कर सकते हैं। गुप्ताजी को देखो कितने लोग नमस्कार करते हैं। उधार देकर ब्याज वसूलते हैं, परंतु नमस्कार मुफ्त में लेते हैं।'

'जब तुम जानती हो कि गुप्ताजी धनाढ्य हैं तो फिर और क्या वजह ढूंढ़नी है। हमने आर्थिक मोर्चे पर विफलता हांसिल की है, इसी का परिणाम है कि नमस्कार करने वाला कोई नहीं मिला। लेकिन मैं तुम्हारी इस बात से सहमत हूं कि यदि हम प्रयास करें तो दस-पांच लोग इसके लिए अपने तरीके से मैनेज कर सकते हैं?' मैंने पत्नी को समझाया तो वह बोली-'तो वह योजना छुपा क्यों रखी है। उसे अमल करो और नमस्कार सुख भी प्राप्त करो। दुखों की भरमार में एक सुख यह भी मिल जाये तो बहुत तोष मिलेगा।'

मैं बोला-'हम यह कर सकते हैं कि पीएफ से बचा-सुखा धन निकालकर उसे जरूरतमंदों को उधार दे दें। हो सकता है इस नवीन चमत्कार से नमस्कार का भाव पड़ोसियों में पैदा हो। कुछ पैसा मैं दफ्तर में फोर्थ क्लास में बांट दूंगा तो उधार भी मेरा आभामण्डल दमकने लगेगा तथा चार-पांच जोड़ी ढ़ंग के कपड़े सिलवा लेता हूँ इससे भी फर्क पड़ेगा। यदि हमने ऐसा करके दस-पांच लोग भी जुटा लिए तो अपना काम बन जाएगा। इधर मैं भी बात-बात पर टिटियाना बंद कर देता हूं।'

पत्नी बोली-'योजना तो सुखकारी है, लेकिन आपके पी. एफ. में क्या है, यह मालूम करना जरूरी है। यदि पी. एफ. ने धोखा दे दिया तो फिर कोई हमारा साथ नहीं देगा।' मैं बोला-'घबराओं नहीं, अब मैं जुगाड़ कर लूंगा और नमस्कार सुख प्राप्त करके ही दम लूंगा। तुम भी जरा ढंग से रहा करो। दिखावे का जमाना है। अभावों का रोना, बंद करो।' इसके बाद हम पति-पत्नी इस दिशा में सक्रिय हैं-देखो कब तक मिलता है नमस्कार सुख।

## सार संक्षेप

### चोटिल सैम चैंपियंस ट्रॉफी से हुए बाहर



**लाहौर** : पाकिस्तान के बाएं हाथ के बल्लेबाज सैम अयूब टखने की चोट के कारण आगामी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गये है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा कि अयूब दाएं टखने में लगी चोट से अच्छी तरह से उबर रहे हैं। वह अभी इंग्लैंड में हैं और चोट से पूरी तरह से उबरने तक वह इंग्लैंड में ही रहेंगे। दक्षिण अफ्रीका के साथ केपटाउन टेस्ट में क्षेत्ररक्षण के दौरान उन्हें यह चोट लगी थी और इससे उबरने में उन्हें कम से कम 10 सप्ताह का समय लगेगा। सैम अयूब पाकिस्तान के लिए अभी तक नौ एकदिवसीय मैच खेल चुके हैं। उन्होंने इस दौरान तीन शतक और एक अर्धशतक बनाया है। अयूब ने इस प्रारूप में 515 रन बनाए हैं। इसके साथ ही पांच विकेट भी लिए हैं। सैम अयूब पाकिस्तान के लिए 27 टी-20 मैचों में 498 रन तथा आठ टेस्ट मैचों में वह 364 रन बना चुके हैं।

### तरुण संघा ने वाटिका को हराया

**नई दिल्ली** : तरुण संघा ने शुक्रवार को डीएसए प्रीमियर लीग के तेज तर्रार मुकाबले में वाटिका एफसी को 4-3 से हरा कर पूरे अंक अर्जित किए। यहां नेहरू स्टेडियम परिसर में खेले गए रोमांचक मुकाबले में विजेता के लिए पी शांति कुमार सिंह और नींगोबम साना सिंह ने दो-दो गोल जमाए। वहीं पराजित टीम के लिए उसके स्टार स्ट्राइकर आदित रघुनाथन ने दो गोल किए जबकि एक गोल विपुल सिंह ने किया। इस जीत के साथ ही तरुणसंघा ने 17 मैचों में 21 और वाटिका ने 19 अंक हो गये हैं। इसमें दो राय नहीं कि दोनों तरफ के खिलाड़ियों ने तेज गति का खेल दिखाया। विशेषकर तरुण संघा ने पहले हाफ में दो गोलों की बढ़त बनाने के बाद खेल पर पकड़ मजबूत कर ली। मध्यातर के बाद पहली प्रीमियर लीग की विजेता वाटिका एक्शन में नजर आई और दो बार बराबरी पाने में सफल रही। लेकिन वाटिका अपनी ख्याति के अनुरूप नहीं खेल पा रही है। तीन गोलों का आदान प्रदान सौहार्दपूर्ण नजर आया। मैच का आखिरी और निर्णायक गोल करने वाले साना सिंह को कुछ साथी खिलाड़ियों ने चीयर किया लेकिन टीम प्रबंधन क्यों नाखुश लगा समझ नहीं आया। ऐसा लगा जैसे कि दोनों टीमें बराबरी का रिजल्ट चाहती थीं।

### वेलेंसिया को हराकर बार्सिलोना कोपा डेल रे सेमीफाइनल में पहुंचा

**मैड्रिड** : फेरान टोरेस की 30 मिनट में बनाई हैट्रिक की बदौलत एफसी बार्सिलोना ने वेलेंसिया को 5-0 से हराकर कोपा डेल रे के सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं। बार्सिलोना और वेलेंसिया के बीच खेले गये मुकाबले में टोरेस ने तीसरे मिनट में पहला गोल दागा। इसके बाद उन्होंने 17वें मिनट में गोलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। इसके बाद फर्मिन लोपेज ने 23वें मिनट में टीम के लिए तीसरा गोल किया। टोरेस ने 30वें मिनट में टीम का चौथा गोल किया। इसी तरह टोरेस ने आधे घंटे में अपनी हैट्रिक पूरी की। लैमिन यामल ने 59वें मिनट में गोल किया। सेमीफाइनल मुकाबला मैड्रिड में होगा।

### पेरू ने पूर्व गोलकीपर इबानेज को अंतरिम प्रबंधक नियुक्त किया

**लीमा** : दक्षिण अमेरिकी देश पेरू के फुटबॉल महासंघ ने पूर्व गोलकीपर ऑस्कर इबानेज को राष्ट्रीय टीम का अंतरिम प्रबंधक नियुक्त किया। फुटबॉल संघ ने बताया कि 57 वर्षीय इबानेज जनवरी में निराशाजनक परिणामों के बाद बर्खास्त किए उरूग्वे के जॉर्ज फोसाती की जगह लेंगे। इबानेज 20 मार्च को लीमा में बोलीविया और पांच दिन बाद माटुरिन में वेनेजुएला के खिलाफ फीफा विश्वकप क्वालीफायर के लिए ब्लैंकिरोजा के प्रभारी होंगे। महासंघ ने एक बयान में कहा कि वह इस चुनौती को बहुत उम्मीद और प्रतिबद्धता के साथ ले रहे हैं। पेरू वर्तमान में 12 मैचों में से केवल एक जीत के साथ 2026 विश्व कप के लिए 10-टीम दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में अंतिम स्थान पर है। अर्जेंटीना में जन्म इबानेज ने 1998 में पेरू की नागरिकता ग्रहण की थी। उन्होंने पेरू के शीर्ष-स्तरीय क्लबों रियल गार्सिलासो, सिएनसियानो और कॉमर्सिएंटेस यूनिडोस के प्रभारी के रूप में कार्य किया है।

# पुरुष, महिला मुक्केबाजी में सर्विसेज-उत्तराखंड का दबदबा

## राष्ट्रीय खेल

38वें राष्ट्रीय खेल के मुक्केबाजी (बॉक्सिंग) मुकाबलों में शुक्रवार को पुरुष और महिला दोनों वर्गों में जबरदस्त रोमांच देखने को मिला। सर्विसेज के मुक्केबाजों ने कई भार वर्गों में अपना दबदबा कायम रखा।

फ्लाइ वेट (51 किग्रा) श्रेणी में सर्विसेज के मंदेंगबम जुडुमणि ने चंडीगढ़ के अंशुल पुनिया को हराकर खिताब अपने नाम किया। जबकि फेदर वेट (57 किग्रा) मुकाबले में सर्विसेज के सचिन ने हिमाचल प्रदेश के आशीष कुमार को मात दी। लाइट वेल्टर वेट (63.5 किग्रा) में सर्विसेज के वंशज ने असम के दिग्गज मुक्केबाज शिवा थापा को हराकर बड़ी जीत दर्ज की। वहीं, लाइट मिडल वेट (71 किग्रा) मुकाबले में सर्विसेज के हितेश गुलिया ने असम के अभिनव सैकिया को हराकर दमदार प्रदर्शन किया। लाइट हेवी वेट (80 किग्रा) मुकाबले में सर्विसेज के लक्ष्य चहर ने उत्तराखंड के हिमांशु सोलंकी को कड़े मुकाबले में शिकस्त दी। जबकि, हेवी वेट (92 किग्रा) श्रेणी में उत्तराखंड के कपिल पोखरिया ने मध्य प्रदेश के पारस को हराकर जीत दर्ज की। सुपर हेवीवेट (+92 किग्रा) श्रेणी में उत्तराखंड के नरेंद्र ने राजस्थान के तरुण शर्मा को मात देकर शानदार प्रदर्शन किया। पुरुषों की तरह, महिला वर्ग में भी जबरदस्त मुकाबले हुए। महिला लाइट फ्लाइ वेट (50 किग्रा) वर्ग में उत्तराखंड की निवेदिता कार्की ने हरियाणा की कल्पना को हराकर खिताब जीता। बैंटम वेट (54 किग्रा) मुकाबले में मध्य प्रदेश की दिव्या पवार ने उत्तर प्रदेश की सोनिया को मात दी। फेदर वेट (57 किग्रा) श्रेणी में सर्विसेज की साक्षी ने हिमाचल प्रदेश की विनाक्षी धोता को हराकर शानदार जीत दर्ज की। जबकि, लाइट वेट (60 किग्रा) फाइनल में सर्विसेज की जैस्मिन ने हरियाणा की मनीषा को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। वेल्टर वेट (66 किग्रा) वर्ग में असम की अंकुशिता बोरो ने उत्तराखंड की काजल को कड़ी टक्कर के बाद हराकर खिताब जीता। जबकि मिडल वेट (75 किग्रा) श्रेणी में ओलंपिक पदक विजेता असम की लवलीना बोर्गोहेन ने चंडीगढ़ की प्रांशु राठौर को हराकर अपनी श्रेष्ठता साबित की।



### ताइक्वांडो मुकाबलों का रोमांचक आगाज

38वें राष्ट्रीय खेलों के ताइक्वांडो मुकाबलों की शुरूआत मिलम हॉल, मानसखंड खेल परिसर, हल्द्वानी में हुई, जहां देशभर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। पहले दिन के क्योर्गी मुकाबलों में खिलाड़ियों ने अपनी फुर्ती, ताकत और तकनीक का बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिससे पदकों के लिए कड़ा संघर्ष देखने को मिला।

महिला क्योर्गी स्पर्धाओं में गुजरात की तविशा ककड़िया ने अंडर-46 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि उत्तराखंड की विशाखा साह ने रजत पदक हासिल किया। अंडर-57 किग्रा वर्ग में उत्तराखंड की पूजा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा किया, वहीं महाराष्ट्र की शिवानी लाला भिलारे ने रजत पदक जीता। अंडर-73 किग्रा वर्ग में चंडीगढ़ की इतिशा दास ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि तेलंगाना की पयम हर्षप्रधा ने रजत पदक प्राप्त किया। पुरुष क्योर्गी स्पर्धाओं में भी जबरदस्त मुकाबले देखने को मिले। अंडर-54 किग्रा वर्ग में सर्विसेज के अंकित मेर ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि अंडर-68 किग्रा वर्ग में सर्विसेज के ही नवीन ने स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। अंडर-87 किग्रा वर्ग का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें सर्विसेज के शशांक सिंह पटेल ने स्वर्ण पदक जीता। उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने कई श्रेणियों में प्रभावी प्रदर्शन कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। राज्य के खिलाड़ियों ने पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया और यह साबित किया कि उत्तराखंड में ताइक्वांडो खेल तेजी से बढ़ रहा है। 38वें राष्ट्रीय खेलों में ताइक्वांडो स्पर्धा ने पहले ही दिन रोमांचक मुकाबलों और उल्लेखनीय प्रदर्शनों के साथ खेल प्रेमियों को उत्साहित किया है। प्रतियोगिता के आगे बढ़ने के साथ विभिन्न खेलों में और भी रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।




### तीरंदाजी का शानदार प्रदर्शनों के साथ हुआ समापन

38वें राष्ट्रीय खेलों में तीरंदाजी का समापन शानदार प्रदर्शनों के साथ हुआ। इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश ने पुरुषों की व्यक्तिगत श्रेणी में अपना वर्चस्व साबित किया, जहां उत्तर प्रदेश के मनीष ने स्वर्ण पदक और शुभम ने रजत पदक हासिल किया। मणिपुर के चिंगाखम नेल्सन सिंह ने कांस्य पदक अपने नाम किया। महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में मणिपुर की लाइफ्राकपम रोजिना देवी ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि छत्तीसगढ़ की चांदनी साहू ने रजत और असम की तुतुमोनी बोरो ने कांस्य पदक प्राप्त किया। मिक्स्ड टीम इवेंट में महाराष्ट्र के गौरव संजयराव चांदने और भावना संतोष सत्यागिरी की जोड़ी ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। झारखंड के मधो बिरुआ और मनीषा कुमारी ने रजत पदक जीता, जबकि असम के अरुण बारो और नम्रता ब्रह्मा ने कांस्य पदक अपने नाम किया। पुरुषों की टीम स्पर्धा में हरियाणा ने दमदार प्रदर्शन किया। यशु, आशीष मलिक, राहुल और रवि की टीम ने स्वर्ण पदक जीता। उत्तर प्रदेश की टीम, जिसमें शुभम, मनीष, जयदीप कुशवाहा और अभिषेक शामिल थे, ने रजत पदक जीता। महाराष्ट्र के गौरव संजयराव चांदने, रोशन नारायण सोलंके, अनिकेत महेंद्र गावड़े और पवन सदानराव जाधव की टीम ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। महिला टीम इवेंट में भी हरियाणा का दबदबा रहा। निकिता, दिव्या, मोनिका और काजल की टीम ने स्वर्ण पदक जीता। मणिपुर की टीम, जिसमें लाइफ्राकपम रोजिना देवी, मोइरंगथेम बेबी देवी, मिलेनिया थोकचोम और हेकृजम रोशिना देवी शामिल थीं, ने रजत पदक हासिल किया। छत्तीसगढ़ की टीम, जिसमें चांदनी साहू, सुलोचना राज, सुशीला नेताम और हर्षिता साहू थीं, ने कांस्य पदक जीता। इस रोमांचक टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने बेहतरीन कौशल का प्रदर्शन किया और भारतीय तीरंदाजी के उज्जवल भविष्य की झलक पेश की।



### महिला और पुरुष हॉकी मुकाबलों का रोमांचक दिन

38वें राष्ट्रीय खेलों के महिला हॉकी मुकाबलों के चौथे दिन का आगाज झारखंड और महाराष्ट्र के बीच हुए संघर्षपूर्ण मुकाबले से हुआ, जो 0-0 की बराबरी पर समाप्त हुआ। इस ड्रॉ के साथ झारखंड ने पूल बी में शीर्ष स्थान बरकरार रखा। वहीं, मेजबान उत्तराखंड को मिजोरम के खिलाफ 0-4 की करारी हार का सामना करना पड़ा। मिजोरम की ओर से मारिना लालरामंघाकी (27'), लालनइपुई (43', 45') और लालथांतलुआंगी (58') ने गोल दागे। पूल ए के मुकाबले में ओडिशा ने कर्नाटक को 4-1 से हराया। ओडिशा के लिए कप्तान जीवन किशोरी टोप्पो (7', 19'), रश्मिता मिंज (39') और एक्का प्रतिभा (42') ने गोल किए, जबकि कर्नाटक की ओर से एकमात्र गोल अंजलि एच. आर. ने 55वें मिनट में किया। पुरुष हॉकी में रोमांचक मुकाबलेः पुरुष हॉकी मुकाबलों में उत्तर प्रदेश ने हरियाणा को 2-1 से हराया। 19वें मिनट में अरुण साहनी ने यूपी के लिए गोल किया, जिसे 29वें मिनट में हरियाणा के मंदीप मोर ने बराबर कर दिया। हालांकि, 43वें मिनट में शारदानंद तिवारी ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर उत्तर प्रदेश को जीत दिलाई। दिन के दूसरे मुकाबले में उत्तराखंड और तमिलनाडु के बीच 1-1 की बराबरी रही। 33वें मिनट में उत्तराखंड के सूरज कुमार ने पेनल्टी स्ट्रोक से गोल किया, लेकिन दो मिनट बाद तमिलनाडु के बी.पी. सोमन्ना ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिए स्कोर बराबर कर दिया। दिन का सबसे रोमांचक मुकाबला पंजाब और मध्य प्रदेश के बीच हुआ, जिसमें पंजाब ने 4-3 से जीत दर्ज की। मध्य प्रदेश के जमीर मोहम्मद ने चौथे और 18वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के जरिए गोल किए और टीम को 2-1 की बढ़त दिलाई।

# बुमराह की चोट का स्कैन हुआ, 24 घंटे में आएगी रिपोर्ट

● मुंबई, वार्ता

**बीसीसीआई** के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में शुक्रवार को तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की बैक इंजरी का स्कैन किया गया। अगले 24 घंटे में उनकी रिपोर्ट आएगी। इसके बाद सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के स्पेशलिस्ट अपनी रिपोर्ट अजित अगरकर की लीडरशिप वाली सिलेक्शन कमेटी को भेजेंगे। चैंपियंस ट्रॉफी में बुमराह का खेलना या न खेलना इसी रिपोर्ट पर निर्भर करेगा। फिलहाल वे स्क्वॉड में शामिल हैं।

रिपोर्ट आने के बाद न्यूजीलैंड के डॉक्टर रोवन स्काउटन की राय भी ली जा सकती है। जब जनवरी में बुमराह ने पहला स्कैन कराया था, तो रिपोर्ट डॉ स्काउटन के साथ साझा की गई थी और इस बार भी उन्हें सूचित किए जाने की संभावना है। बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ खेली जा रही वनडे सीरीज के लिए टीम में चुना गया था। हालांकि सीरीज शुरू होने से एक दिन पहले उनकी जगह वरुण चक्रवर्ती को शामिल किया गया है। बुमराह पिछले महीने समाप्त हुए ऑस्ट्रेलिया टूर के आखिरी मुकाबले के दौरान इंजर्ड



### ऑस्ट्रेलिया दौरे में हुए थे चोटिल चैंपियंस ट्रॉफी टीम में हैं शामिल

हुए थे। भारत की सिलेक्शन कमेटी ने 18 जनवरी को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का ऐलान किया था। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर चोटिल हुए बुमराह को भी टीम में शामिल किया गया था। सिलेक्शन कमेटी बुमराह के बैकअप के लिए अर्शदीप सिंह को रखा था।

# विराट कोहली की चोट गंभीर नहीं

### गिल बोले- दूसरा मैच खेलेंगे विराट, घुटने में सूजन थी इसलिए पहले वनडे में नहीं उतरे

**कटक, वार्ता** : भारतीय टीम के उपकप्तान शुभमन गिल ने विराट कोहली की चोट पर अपडेट दिया है। गिल ने कहा कि कोहली की चोट गंभीर नहीं है। वे पूरी तरह फिट हैं और इंग्लैंड के खिलाफ रविवार को दूसरे वनडे में खेलते नजर आएंगे।

अनुभवी बल्लेबाज विराट दाएं घुटने में सूजन के कारण पहला मैच नहीं खेल पाए थे। इससे उनकी फिटनेस पर सवाल उठने लगे थे। कोहली को पाकिस्तान और दुबई में 19 फरवरी से शुरू हो रही चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। 25 साल के गिल ने कहा कि उनकी (कोहली) चोट गंभीर नहीं है। उन्होंने बुधवार को अच्छा अभ्यास किया था, लेकिन गुरुवार की सुबह उनके घुटने में कुछ सूजन थी। वे निश्चित रूप से दूसरे वनडे में वापसी करेंगे। शुभमन गिल ने गुरुवार को मुकाबले के बाद ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर से बात की। गिल ने अपनी पारी पर कहा कि मैं पहले वनडे में शतक को ध्यान में रखकर नहीं खेल रहा था। मैं फिल्डिंग की सजावट पर ध्यान लगा रहा था। मैं उसी के अनुसार अपने शॉट खेल रहा था। मैं गेंदबाज पर हावी होने की कोशिश कर रहा था। मुझे तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने में कोई परेशानी नहीं है।



उन्होंने कहा कि मैं टेस्ट में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करता हूं। इसलिए मुझे बहुत अधिक सामंजस्य नहीं बिठाना नहीं पड़ा। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करना बेहद चुनौती पूर्ण होता है, क्योंकि आपको खेल की स्थिति के अनुसार खेलना होता है। गिल ने कहा कि अगर टीम ने जल्दी विकेट खो दिया हो तो फिर आपको संभल कर बल्लेबाजी करने होती है। अगर टीम को अच्छी शुरूआत मिली हो तो आपको उसे आगे बढ़ाना होता है। मैं मैच की स्थिति के अनुसार खेलता हूं। गिल पहले वनडे मैच में विराट कोहली की जगह नंबर-3 पर बैटिंग करने उतरे थे। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ नागपुर में 87 रन बनाते हुए भारत की चार विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वे 19 रन पर यशस्वी जायसवाल के आउट होने के बाद नंबर-3 पर उतरे थे। उन्होंने 3 गेंद ही खेली थी कि दूसरे ओपनर और कप्तान रोहित शर्मा 2 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। ऐसे में गिल ने श्रेयस अय्यर के साथ मिलकर पारी संभाली।

# स्मिथ-कैरी के शतक से ऑस्ट्रेलिया मजबूत

## श्रीलंका पहली पारी में 257 रन पर ऑलआउट, कंगारुओं ने तीन विकेट पर बनाए 330 रन

● गाले, वार्ता

**श्रीलंका** और ऑस्ट्रेलिया के बीच गाले में दूसरा टेस्ट खेला जा रहा है। शुक्रवार को मुकाबले के दूसरे दिन स्टंप्स तक ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 330/3 का स्कोर बना लिया है। स्टीव स्मिथ और एलेक्स कैरी सेंचुरी लगाकर नाबाद लौटे हैं। टीम की बढ़त 73 रन की हो गई है।

श्रीलंका ने अपने कल के स्कोर 229/9 से आगे खेलना शुरू किया और पहली पारी 257 रन पर ऑलआउट हो गई। दिनेश चांदीमल (74) और कुसल मेंडिस ( नाबाद 85 ) ने अर्धशतक लगाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए मिचेल स्टार्क, मैथ्यू कुह्नेमन और नाथन लायन को 3-3 विकेट मिले। स्मिथ और कैरी की सेंचुरी ऑस्ट्रेलिया ने शुरूआती 37 रन पर अपने दोनों विकेट गंवा दिए। ट्रैविस हेड 21 रन, उस्मान ख्वाजा 36 और मार्नस लाबुशेन 4 रन बनाकर आउट हुए। पिछले मैच के दोनों शतकवीर स्टीव स्मिथ और एलेक्स कैरी ने पारी संभाली और इस मैच में भी शतक जमा दिया। कप्तान स्टीव स्मिथ ने 9 चौके और



1 छक्के की मदद से 120 रन पर नाबाद हैं वहीं कैरी 156 बॉल पर 139 रन बनाकर मौजूद हैं। स्मिथ और कैरी ने चौथे विकेट के लिए 331 बॉल पर नाबाद 239 रन जोड़ लिए। एलेक्स कैरी ने अपने टेस्ट करियर की दूसरी सेंचुरी लगाई। एलेक्स कैरी ने अपने टेस्ट करियर की दूसरी सेंचुरी लगाई। गुरुवार को मुकाबले के पहले दिन श्रीलंका ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। स्टंप्स तक टीम ने 9 विकेट खोकर 229 रन बना लिए। कुसल मेंडिस 59 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। दिनेश चांदीमल ने 74 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया से तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और स्पिनर नाथन लायन ने 3-3 विकेट लिए। लेफ्ट आर्म स्पिनर मैथ्यू कुह्नेमन को 2 और ऑफ स्पिनर ट्रैविस हेड को 1 विकेट मिला। ऑस्ट्रेलिया के नाम रहा। टीम ने पारी और 242 रन के बड़े अंतर से मैच जीता था। मुकाबले में उस्मान ख्वाजा ने दोहरा शतक लगाया, वहीं स्टीव स्मिथ और जोश इंग्लिस के बैट से सेंचुरी आई थी। मैच से पहले श्रीलंकाई खिलाड़ियों ने दिमुथ करुणारत्ने को गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया। वे 100वां टेस्ट मैच खेल रहे हैं। करुणारत्ने ने दो दिन पहले 4 फरवरी को रिटायरमेंट अनाउंस करते हुए कहा था कि वे आखिरी टेस्ट मैच खेल रहे हैं।

# आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए गाना किया रिलीज

**दुबई, वार्ता** : आईसीसी ने शुक्रवार को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का ऑफिशियल गाना 'जीतो बाजी खेल के' रिलीज किया। इस गाने को फेमस सिंगर आतिफ असलम ने गाया है। अब्दुल्लाह सिद्दीकी ने गाने को प्रोड्यूस किया है, जबकि अदनान धुल और अस्फंदयार असद ने लिरिक्स लिखी है।

आईसीसी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि इतंजार खत्म हुआ। हमारे साथ चैंपियंस ट्रॉफी का गाना गाएं। 19 फरवरी से 9 मार्च तक यह टूर्नामेंट पाकिस्तान और यूएई में खेला जाएगा। चैंपियंस ट्रॉफी में कुल 15 मैच खेले जाएंगे। भारत-पाकिस्तान के बीच मैच 23 फरवरी को खेला जाएगा। म्यूजिक वीडियो में पाकिस्तानी कल्चर जीतो बाजी खेल सांग के म्यूजिक वीडियो में पाकिस्तान की गलियों, बाजारों और स्टेडियम की झलक देखने को मिल रही है। इसमें यंग लड़के मैच खेलते दिख रहे हैं। सॉन्ग स्ट्रीमिंग ऑडियो प्लेटफार्मों पर फैंस के लिए उपलब्ध है। गीत का हिस्सा बनने पर आतिफ असलम ने कहा कि मुझे क्रिकेट का बहुत शौक है और मैं हमेशा एक तेज गेंदबाज बनना चाहता

### आतिफ ने 'जीतो बाजी खेल के' गाना गाया, कहा- भारत-पाक मैच का रोमांच अलग

था। खेल के प्रति मेरे जुनून और समझ के कारण, मैं फैंस के उत्साह को अच्छी तरह महसूस कर सकता हूं। खासतौर पर भारत-पाकिस्तान मुकाबलों का रोमांच हमेशा अलग होता है। इसीलिए चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के ऑफिशियल गीत का हिस्सा बनकर मैं बहुत उत्साहित हूं। आतिफ असलम ने पाकिस्तान सुपर लीग के लिए भी गाना गाया है।

सांग लॉन्च पर, आईसीसी के चीफ कॉमर्शियल ऑफिसर अनुराग दहिया ने कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी से पहले एक्साइटमेंट बढ़ रही है। आज हमें सांग लॉन्च करते हुए खुशी हो रही है। इवेंट शुरू होने में 12 दिन बचे हैं, प्रशंसक एक ऐसे गाने की उम्मीद कर सकते हैं जो पाकिस्तान की पहचान और चैंपियंस ट्रॉफी के सच्चे जश्न का प्रतिनिधित्व करता हो।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)